राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 03
लखनऊ, शनिवार 17 अगस्त 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार ने प्रदर्शनी का किया अवलोकन 04

हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 78वां स्वतंत्रता दिवस 07

# जम्मू-कश्मीर और हरियाणा में विधानसभा चुनावों की घोषणा

▸ जम्मू-कश्मीर में तीन हरियाणा में एक चरण में मतदान, 4 अक्टूबर को आएंगे नतीजे

एजेंसी

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने शुक्रवार को दो राज्यों जम्मू-कश्मीर और हरियाणा में विधानसभा चुनावों की घोषणा कर दी। जम्मू-कश्मीर में 3 चरणों में 18 सितंबर, 25 सितंबर और 1 अक्टूबर को मतदान होगा। हरियाणा में एक चरण में 1 अक्टूबर को मतदान होगा। दोनों राज्यों की मतगणना 4 अक्टूबर को होगी।

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू की उपस्थिति में शुक्रवार को दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता में दोनों राज्यों के चुनाव कार्यक्रमों की घोषणा की। उन्होंने बताया कि जम्मू-कश्मीर में अगले माह विधानसभा का चुनाव कराना है। उसके बीच में दूसरे चुनाव की घोषणा न करनी पड़े, इसलिए हमने साथ में हरियाणा में भी विधानसभा चुनाव कराने का निश्चय किया। इस साल चार और अगले साल की शुरुआत में एक राज्य में चुनाव कराने हैं। सुरक्षा बलों की आवश्यकता और व्यवहारिता को ध्यान में रखते हुए हमने दो- दो राज्यों में एक साथ चुनाव कराने पर विचार किया है। महाराष्ट्र में अभी बारिश हो रही और फिर त्योहार आने हैं, इन सबको ध्यान में रखते हुए अभी वहां चुनाव कार्यक्रम नहीं तय किया गया है। मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि आम चुनावों से सीख लेते हुए इस बार विशेष तौर पर चुनाव कार्यक्रम को छोटा रखा गया है। जम्मू-कश्मीर में तीन चरणों में 18 सितंबर, 25 सितंबर और 1 अक्टूबर को मतदान होगा। पहले चरण में किश्तवाड़, अनंतनाग, पुलवामा, शोपियां, कुलगाम में मतदान होगा। दूसरे चरण में रियासी, राजौरी, पुंछ, बड़गांव, श्रीनगर, गांदरबल में मतदान होगा। तीसरे चरण में बांदीपोरा, कुपवाड़ा, बारामूला, जम्मू, उधमपुर, सांबा और कठुआ में मतदान होगा। जम्मू-कश्मीर के 20 जिलों में 90 विधानसभा सीटें हैं। इनमें से 74 सामान्य, 9 अनुसूचित जनजाति और 7 अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त ने बताया कि जम्मू-कश्मीर के 87.09 लाख मतदाताओं के लिए 9,169 स्थानों पर 11,838 मतदान केन्द्र बनाए हैं। मतदाताओं में 44.46 लाख पुरुष और 42.62 लाख महिलाएं हैं। 3.71 लाख मतदाता पहली बार मतदान करेंगे।




## 100 से अधिक अधिकारियों का तबादला

**श्रीनगर ।** सरकार ने जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनावों की संभावित घोषणा से पहले शुक्रवार को यहां पुलिस और प्रशासन के 100 से अधिक अधिकारियों का तबादला कर दिया। इससे पहले गुरुवार को गृह मंत्रालय ने वरिष्ठ भारतीय पुलिस सेवा अधिकारी नलिन प्रभात को जम्मू-कश्मीर पुलिस का विशेष पुलिस महानिदेशक नियुक्त किया है। श्री नलिन प्रभात वर्तमान में पुलिस महानिदेशक आर आर स्वैन के आगामी 30 सितम्बर को सेवानिवृत्त होने पर पुलिस प्रमुख का पदभार संभालेंगे। सरकार ने आज नीतीश कुमार को जम्मू-कश्मीर पुलिस के अपराध जांच विभाग (सीआईडी) का प्रमुख नियुक्त किया है।

## जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव अकेले दम पर लड़ेगी बसपा



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** चुनाव आयोग ने शुक्रवार को जम्मू कश्मीर और हरियाणा में विधानसभा चुनाव की घोषणा कर दी है। इसी बीच बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि लम्बे इंतजार के बाद जम्मू कश्मीर में विधानसभा आम चुनाव के लिए तारीखों की घोषणा का स्वागत है। मायावती ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि लोकतंत्र में चुनाव की अहम भूमिका जिससे बहुत सारी समस्याओं का समाधान संभव है। अत: लम्बे इंतज़ार के बाद जम्मू-कश्मीर में विधानसभा आमचुनाव के लिए तिथि की घोषणा का स्वागत, ताकि वहां संविधान के हिसाब से राजनीतिक व लोकतांत्रिक गतिविधियां जड़ पकड़ सकें। बसपा यह चुनाव अकेले लड़ेगी हरियाणा राज्य में एक चरण में होने वाले विधानसभा आमचुनाव का भी स्वागत है। यहां बसपा का इण्डियन नेशनल लोकदल के साथ मजबूत गठबंधन पहले से जमीन पर सक्रिय है, जिसका संकल्प पूरी दमदारी के साथ यह चनाव लड़कर खुद अपनी गठबंधन की सरकार बनाने का है।

# उपलब्धि : एसएसएलवी-डी3 ने ईओएस-08 व यात्री उपग्रह का किया सफल प्रक्षेपण

एजेंसी



**श्रीहरिकोटा।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने एक और सफल मिशन में शुक्रवार सुबह लघु उपग्रह प्रक्षेपण यान (एसएसएलवी) का उपयोग करके नवीनतम पृथ्वी अवलोकन उपग्रह ईओएस-8 और एक यात्री उपग्रह का निर्धारित कक्षा में प्रक्षेपण किया। देर रात 0247 बजे शुरू हुई 6.5 घंटे की छोटी और सफल उलटी गिनती के बाद एसएसएलवी-डी3 ने शार रेंज के पहले लांच पैड से निर्धारित समय 09:17 बजे अपनी तीसरी और अंतिम विकासात्मक शानदार उड़ान भरी।

यह अपने साथ 175.5 किलोग्राम वजनी ईओएस-08 और एसआर-0 डेमोसैट को पेलोड लेकर गया है। उड़ान भरने के लगभग 17 मिनट बाद 120 टन 'लिफ्ट ऑफ मास' वाले 34 मीटर लंबे एसएसएलवी-डी3 ने ईओएस-08 और स्पेस किड्ज़ इंडिया द्वारा विकसित 0.2 किलोग्राम वजनी एसआर-0 डेमोसैट को 475 किलोमीटर की वृत्ताकार कक्षा में भूमध्य रेखा पर 37.4 डिग्री के झुकाव के साथ सफलतापूर्वक प्रक्षेपित कर दिया। यह मिशन प्रतिष्ठित प्रथम मानव अंतरिक्ष उड़ान गगनयान मिशन के लिए अधिक महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान करेगा और क्रू मॉड्यूल के व्यूपोर्ट पर पेलोड में से एक गामा विकिरण के लिए उच्च खुराक अलार्म सेंसर के रूप में काम करेगा।

## प्रधानमंत्री ने सफल प्रक्षेपण पर इसरो को दी बधाई



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसरो के नवीनतम पृथ्वी अवलोकन उपग्रह 'ईओएस-08' को श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से लघु उपग्रह प्रक्षेपण यान (एसएसएलवी)-डी3 द्वारा लांच करने पर बधाई दी। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा, यह एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। इस उपलब्धि के लिए हमारे वैज्ञानिकों और उद्योग जगत को बधाई। यह बेहद खुशी की बात है कि भारत के पास अब एक नया लॉन्च व्हीकल है।

## संक्षिप्त समाचार

### कल होगा तीसरा वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ शिखर सम्मेलन

**नई दिल्ली।** भारत की मेजबानी में शनिवार को तीसरा वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ शिखर सम्मेलन (वीओजीएसएस) आयोजित किया जा रहा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने साप्ताहिक पत्रकार वार्ता में आज बताया कि ग्लोबल साउथ के सभी देशों को सम्मेलन में शामिल होने के लिए निमंत्रण भेजा गया है। पिछले दो शिखर सम्मेलनों की तरह तीसरा वीओजीएसएस भी वर्चुअल प्रारूप में आयोजित किया जाएगा। तीसरा वीओजीएसएस, एक सतत भविष्य के लिए एक सशक्त वैश्विक दक्षिण के व्यापक विषय के साथ आयोजित किया जा रहा है। पिछले शिखर सम्मेलनों में दुनिया को प्रभावित करने वाली जटिल चुनौतियों जैसे संघर्ष, खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा संकट, जलवायु परिवर्तन पर चर्चा की गई थी। उद्घाटन सत्र राष्ट्र प्रमुख/सरकार के स्तर पर होगा और इसकी मेजबानी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेंगे। इसके अलावा, 10 मंत्री स्तरीय सत्र होंगे।

### दिल्ली-लखनऊ तेजस एक्सप्रेस 18 से टूण्डला स्टेशन पर रुकेगी

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली-लखनऊ तेजस एक्सप्रेस 18 अगस्त से प्रायोगिक आधार पर टूण्डला स्टेशन पर भी रुकेगी। उत्तर रेलवे के प्रवक्ता ने शुक्रवार को बताया कि रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे ने रेलगाड़ी संख्या 82501/82502 लखनऊ-नई दिल्ली- लखनऊ तेजस एक्सप्रेस को 18 अगस्त से टूण्डला जंक्शन स्टेशन पर प्रयोगिक आधार पर निम्नानुसार ठहराव प्रदान करने का निर्णय किया है। 82501 लखनऊ-नई दिल्ली तेजस एक्सप्रेस सुबह 09.40 बजे जबकि 82502 नई दिल्ली- लखनऊ तेजस एक्सप्रेस सांय 5.57 बजे टूण्डला जंक्शन पर रुकेगी। दोनों दिशाओं में यह ठहराव दो-दो मिनट के लिए होगा। रेलगाड़ी संख्या 82502 नई दिल्ली-लखनऊ तेजस 18 अगस्त से नई दिल्ली से 15.40 बजे की बजाय 15.30 बजे चलेगी तथा गाजियाबाद पर आगमन 16.11 व प्रस्थान 16.13 बजे के स्थान पर आगमन 16.02 बजे तथा प्रस्थान 16.04 बजे करेगी।

### देश का विदेशी मुद्रा भंडार घटकर 670.12 अरब डॉलर

**नई दिल्ली।** आर्थिक मोर्चे पर झटका लगने वाली खबर है। विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट दर्ज हुई है। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 9 अगस्त को समाप्त हफ्ते में 4.8 अरब डॉलर घटकर 670.12 बिलियन डॉलर पर पहुंच गया। इससे पिछले हफ्ते 2 अगस्त को विदेशी मुद्रा भंडार 675 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था। आरबीआई ने शुक्रवार को जारी आंकड़ों में बताया कि 9 अगस्त को समाप्त हफ्ते में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 4.8 अरब डॉलर घटकर 670.12 अरब डॉलर रह गया। विदेशी मुद्रा भंडार का अहम घटक माने जाने वाले विदेशी मुद्रा आस्तियां (एफसीए) भी 4.079 अरब डॉलर घटकर 587.9 अरब डॉलर रह गईं। 9 अगस्त को समाप्त हफ्ते में देश के स्वर्ण भंडार का आरक्षित मूल्य भी 860 लाख डॉलर घटकर 59.23 अरब डॉलर रह गया। इस दौरान विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 121 लाख डॉलर बढ़कर 18.28 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

## कौशांबी में सड़क हादसे में तीन की मौत, 18 घायल

**कौशांबी ।** उत्तर प्रदेश में कौशांबी जिले के सैनी क्षेत्र में शुक्रवार को श्रद्धालुओं से भरी हुई पिकअप गाड़ी के ट्रक से टकराने से उसमे सवार एक महिला समेत तीन की मौत हो गयी जबकि 18 अन्य गंभीर रुप से घायल हो गये। पुलिस सूत्रों ने बताया कि बलरामपुर, छत्तीसगढ़ निवासी 21 श्रद्धालु पिकअप गाड़ी से अयोध्या, मथुरा दर्शन करने के बाद इलाहाबाद कानपुर राष्ट्रीय मार्ग से वाराणसी जा रहे थे किसैनी थाना क्षेत्र में गुलामपुर बाजार के पास सड़क के किनारे खड़ा ट्रेलर ट्रक में पीछे से टक्कर मार दी।

## 69 हजार शिक्षक भर्ती में बड़ा फैसला : हाईकोर्ट ने रद्द की मेरिट लिस्ट

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की डबल बेंच ने 69 हजार शिक्षक भर्ती में बड़ा फैसला सुनाते हुए पूरी मेरिट लिस्ट को ही रद्द कर दिया है। मामले में कोर्ट ने सरकार को तीन महीने में नई मेरिट लिस्ट जारी करने का आदेश दिया है जिसमें आरक्षण के नियमों और बेसिक शिक्षा नियमावली का पालन किया गया हो। बता दें कि भर्ती प्रक्रिया में आरोप लगाया गया था कि 19 हजार पदों पर आरक्षण के नियमों का पालन नहीं किया गया है। ओबीसी वर्ग को 27 फीसदी की जगह सिर्फ 3.86 फीसदी का और अनुसूचित जाति के अभ्यर्थियों को 21 फीसदी की जगह 16.2 फीसदी आरक्षण दिया गया था। सरकार ने भर्ती नियमानुसार होने की बात कही थी। अब कोर्ट ने नई सूची जारी करने का आदेश दिया है।

# 70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों में गुलमोहर बनी सर्वश्रेष्ठ हिंदी फिल्म

एजेंसी

**नई दिल्ली।** 70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों के विजेताओं की घोषणा शुक्रवार को की गई। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने संवाददाता सम्मेलन में फीचर फिल्म, नॉन फीचर फिल्म और सभी श्रेणियों में साल 2022 के पुरस्कारों के लिए विजेताओं के नामों की घोषणा की।

मनोज बाजपेयी की फिल्म गुलमोहर को सर्वश्रेष्ठ हिंदी फिल्म और मलयालम भाषा की फिल्म अटम को सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म का पुरस्कार दिया जाएगा। सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री कैटेगरी में दो अभिनेत्रियों को चुना गया है। तमिल फिल्म थिरुचित्राम्बलम के लिए नित्या मेनन और दूसरी गुजराती फिल्म कच्छ एक्सप्रेस के लिए मानसी पारेख को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार दिया जाएगा। कंतारा के लिए प्रमुख भूमिका निभाने वाले अभिनेता ऋषभ शेट्टी को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार दिया जाएगा। वर्ष 2022 के लिए सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार सूरज बड़जात्या को ऊंचाई के लिए दिया जाएगा।

## प्रयागराज के ठग दंपति 17 साल बाद गिरफ्तार

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश पुलिस की विशेष टीम ने बेरोजगारों से लाखों की ठगी करने वाले प्रयागराज निवासी पति-पत्नी को 17 साल बाद अहमदाबाद से गिरफ्तार किया है। दोनों पर 50-50 हजार रुपये का इनाम था। जार्ज टाउन निवासी अमित श्रीवास्तव एवं उसकी पत्नी शिखा श्रीवास्तव को अहमदाबाद की बेकरी सिटी के शिवान्ता अपार्टमेंट से गिरफ्तार किया गया है। प्रयागराज में इन दोनों के खिलाफ जालसाजी की शिकायत दर्ज है। ये दोनों प्रयागराज में इन्फोकॉन्स कंसलटेंस प्रा.लि कम्पनी बनाकर बेरोजगारों से ठगी करते थे।

## गेमिंग ऐप के जरिये 400 करोड़ की धोखाधड़ी में ईडी ने चार को किया गिरफ्तार

**नयी दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने ऑनलाइन सट्टेबाजी और गेमिंग ऐप के जरिये 400 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के संबंध में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। एजेसी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एजेंसी के मुताबिक, चीनी नागरिक ये ऐप कथित तौर पर कुछ भारतीयों के साथ मिलकर चला रहे थे। एजेंसी के मुताबिक, ये गिरफ्तारी 'फीविन नाम के ऐप से संबंधित मामले में की गयी हैं। ऐप के जरिये बड़ी संख्या में ऑनलाइन गेमर से धोखाधड़ी और साजिश रचने के लिए कुछ लोगों के खिलाफ कोलकाता के कोसीपुर थाने में दर्ज प्राथमिकी के संबंध में धन शोधन का यह मामला सामने आया है। बयान के मुताबिक, फीविन ऐप धोखाधड़ी से 400 करोड़ रुपये की राशि जुटाई गयी।

# कोलकाता रेप-मर्डर केस में पूर्व प्रिंसिपल गिरफ्तार

▸ 30 लोगों व दो ट्रेनी डॉक्टर व हाउस स्टाफ से पूछताछ करेगी सीबीआई

एजेंसी

**कोलकाता।** कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर के रेप-मर्डर मामले में पीड़ित परिवार से शुक्रवार (16 अगस्त) को सीबीआई ने बातचीत की। परिवार ने अस्पताल के कुछ इंटर्न और डॉक्टर्स पर इस केस में शामिल होने का शक जताया है।

सीबीआई ने कहा कि पीड़ित परिवार ने कुछ नाम लिखाए हैं। हम अभी 30 लोगों से पूछताछ करेंगे। सीबीआई ने कहा कि आज दो पीजी ट्रेनी डॉक्टर और एक हाउस स्टाफ को पूछताछ के लिए बुलाया। घटना वाली रात ये लोग पीड़ित डॉक्टर के साथ ड्यूटी पर थे। राधागोविंद कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के पूर्व




प्रिंसिपल संदीप घोष को हिरासत में लिया है। उनसे भी पूछताछ होगी साथ ही एजेंसी गिरफ्तार आरोपी संजय रॉय को घटना का सीन रिक्रिएट करने के लिए राधागोविंद कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल लेकर पहुंची। संजय को 9 अगस्त को ही गिरफ्तार किया गया था।

वहीं, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने भी आज नया आदेश जारी किया। मंत्रालय ने कहा कि मेडिकल संस्थानों को हेल्थकेयर वर्कर पर हमले के 6 घंटे के अंदर ही एफआईआर दर्ज करानी होगी। मंत्रालय का ये फैसला मेडिकल कॉलेज में ट्रेनी डॉक्टर से रेप-मर्डर मामले और 14 अगस्त को इसी कॉलेज में हुई हिंसा को लेकर आया।

## आईएमए ने की डॉक्टरों की 24 घंटे की हड़ताल की घोषणा

**नयी दिल्ली।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) ने पिछले सप्ताह कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में एक महिला स्नातकोत्तर प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और उसकी हत्या के विरोध में डॉक्टरों की ओर से शनिवार सुबह छह बजे से 24 घंटे की देशव्यापी सेवाएं बंद करने की घोषणा की गयी। आईएमए ने शुक्रवार को कहा कि सभी आवश्यक सेवाएं बहाल रखी जाएंगी और हताहतों की संख्या पर भी नजर रखी जाएगी। नियमित ओपीडी हालांकि बंद रहेंगी और वैकल्पिक सर्जरी भी नहीं की जाएंगी। आईएमए ने एक बयान में कहा, यह सेवा वापसी उन सभी क्षेत्रों से हुई है जहां आधुनिक चिकित्सा डॉक्टर सेवा प्रदान कर रहे हैं।

# पूर्व पीएम अटल बिहारी की पुण्यतिथि पर मुख्यमंत्री योगी ने किया नमन



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया और राष्ट्र के प्रति उनके योगदान को याद किया।

इस मौके पर उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि भारतीय राजनीति के अजातशत्रु, भारत रत्न श्रद्धेय अटल जी ने आधुनिक भारत के निर्माण की नींव रखी। लगभग 6 दशक एक निष्कलंक जीवन जीते हुए वे भारतीय राजनीति को नई ऊंचाइयों पर ले गए। भारत को एक वैश्विक महाशक्ति के रूप में स्थापित करने के लिए उनके सद्प्रयासों के प्रति यह राष्ट्र सदा कृतज्ञ रहेगा। आज उनकी पुण्यतिथि के अवसर पर उन्हें नमन!

उन्नति


## योगी सरकार ने अब तक के अपने कार्यकाल में विशेष तौर पर कनेक्टिविटी को दी शीर्ष वरीयता

# उत्तर प्रदेश सरकार में हुआ अब तक 395 सेतुओं का निर्माण

विकास तिवारी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के इंफ्रास्ट्रक्चरल डेवलपमेंट को सुनिश्चित कर रही योगी सरकार ने अब तक के अपने कार्यकाल में विशेष तौर पर कनेक्टिविटी को शीर्ष वरीयता दी है। प्रदेश में एक्सप्रेसवे, हाइवे, डिस्ट्रिक्ट, ब्लॉक व पंचायत स्तर की सड़कों के नवनिर्माण, चौड़ीकरण, विस्तारीकरण और सुदृढ़ीकरण की प्रक्रियाओं पर कार्य करने के साथ ही योगी सरकार ने सेतुओं के निर्माण की दिशा में भी उल्लेखनीय कार्य किया है।

उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम लिमिटेड के आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2017 से लेकर 2024 के बीच कुल 395 सेतुओं का निर्माण कराया गया है। इसमें,



2018 से लेकर 2024 में अब तक 270 नदी सेतु, 115 रेल ओवर ब्रिज तथा 10 फ्लाईओवर के निर्माण कार्यों को पूरा किया जा चुका है। वहीं, वर्ष 2024-25 में कुल 259 सेतुओं के निर्माण की प्रक्रिया जारी है तथा इनमें से 97 को इसी वित्तीय वर्ष में पूरा करने पर योगी सरकार का फोकस है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में ब्रिज कनेक्टिविटी को सुनिश्चित करने के लिए एक विस्तृत कार्ययोजना बनाई गई थी और इसी के अनुसार प्रदेश में विभिन्न परियोजनाओं पर कार्य चल रहा है। खुद सीएम योगी इन सभी कार्यों की प्रगति रिपोर्ट को समय-समय पर मॉनिटर करते रहते हैं पूर्ण परियोजनाओं की संख्या में भी हुई वृद्धि आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2017-18 में कुल 54 सेतुओं का निर्माण पूर्ण हुआ जिसमें 38 नदी सेतु, 15 रेल ओवर ब्रिज (आरओबी) व 1 फ्लाइओवर शामिल है। वहीं, वर्ष 2018-19 में 26 नदी सेतु, 20 आरओबी, 2 फ्लाइओवर समेत कुल 48 सेतुओं का निर्माण पूर्ण हुआ। वर्ष 2019-20 में 38 नदी सेतु, 9 आरओबी व एक फ्लाइओवर समेत 48 सेतुओं का निर्माण पूर्ण हुआ। वर्ष 2020-21 में 26 नदी सेतु, 17 आरओबी व 3 फ्लाइओवर समेत 46 सेतुओं का निर्माण पूर्ण हुआ। वहीं, वर्ष 2021-22 में 55 नदी सेतु, 15 आरओबी व 2 फ्लाइओवर समेत 72 सेतुओं का निर्माण पूर्ण हुआ। इसी प्रकार, वर्ष 2022-23 में 55 नदी सेतु, 16 आरओबी व एक फ्लाइओवर समेत 72 सेतुओं का निर्माण पूर्ण हुआ। जबकि, वर्ष 2023-24 में 32 नदी सेतु व 23 आरओबी समेत कुल 55 सेतुओं का निर्माण पूर्ण हुआ। योगी सरकार के अब तक के कार्यकाल में 270 नदी सेतु, 115 आरओबी व 10 फ्लाइओवर समेत कुल 395 सेतुओं को पूरा किया जा चुका है।

## 93 परियोजनाओं की निर्माण प्रक्रिया तेजी से जारी

2024-25 में 58 परियोजनाओं पर 75 से 99 प्रतिशत तक काम पूरा प्रदेश सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि वर्ष 2024-25 में कुल 259 लक्षित परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं। 97 को इसी वित्तीय वर्ष के अंदर पूरा करना है। 4 सेतु परियोजनाओं का कार्य पूर्ण हो गया है, जबकि 93 परियोजनाओं का निर्माण प्रक्रिया तेजी से जारी है। इनमें 58 सेतु निर्माण की परियोजनाएं ऐसी हैं जिनपर 75 से 99 प्रतिशत तक काम पूरा हो गया है। वहीं, 18 परियोजनाओं पर 51 से 75 प्रतिशत, 15 परियोजनाओं पर 26 से 50 प्रतिशत और 2 परियोजनाओं पर 25 प्रतिशत तक कार्य हो चुका है। वर्ष 2024-25 में 126 में से 51 नदी सेतु, 116 रेल उपरिगामी सेतु और 17 फ्लाइओवर संबंधी परियोजनाएं क्रियान्वित हैं। 51 नदी सेतु, 53 रेल उपरिगामी सेतु और 3 फ्लाइओवर के निर्माण कार्यों को वर्ष 2024-25 के अंदर पूरा कर लिया जाएगा।



## स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



**कपिल वर्मा**
ग्राम प्रधान
ग्राम-उमरी, विकासखण्ड-मुस्करा, जिला-हमीरपुर।

**शिवशंकर पाल**
सचिव
ग्राम-उमरी, विकासखण्ड-मुस्करा, जिला-हमीरपुर।

## स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं


मुलायम सिंह यादव


आजम खान


अखिलेश यादव

**दानिश खान**
नि0 जिलाध्यक्ष
मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड,
हमीरपुर।



## स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



**अपनी छत पर जैविक सब्जियों के लिये किचन, गार्डेन लगायें एवं जहर मुक्त भोजन खाएं।**

**जनार्दन द्विवेदी**
निदेशक
ओ0के0जी0 होम्स, प्राईवेट लि0-हमीरपुर।

## स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**रशीद राइन**
अध्यक्ष
थोक सब्जी एवं फल मण्डी, राठ
(हमीरपुर)।




## कार्यालय नगर पंचायत तुलसीपुर जनपद-बलरामपुर

पत्रांक 317/न0पं0तु0/08/विज्ञापन/2024-25 — दिनांक 13 अगस्त 2024

**15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के पुनीत अवसर पर नगर पंचायत तुलसीपुर आप सभी नगरवासियों से निम्न बिन्दुओं पर सहयोग की अपेक्षा करती है-**

1. पेयजल अमूल्य है इसे बर्बाद न करें।
2. अतिक्रमण का प्रयास न करें।
3. नगर पंचायत के देयों का समय से स्वयं कार्यालय में उउपस्थित होकर भुगतान करें और असुविधा से बचें।
4. सार्वजनिक नल, पथ प्रकाश उपकरण आपकी सुविधा के लिए है कृपया इनकी सुरक्षा करें।
5. जन्म-मृत्यु की सूचना समय से दर्ज करावें।
6. जल बचाव अभियान में सहयोग करें।
7. समस्त व्यापारी बंधुओं से अपेक्षा की जाती है कि वे अपने दुकान के सामने कूड़ा पात्र रखें तथा कूड़ा उसी में डालें, इधर-उधर सड़क पर न फेंके। इससे गंदगी फैलती है।
8. पालीथीन का प्रयोग न करें।
9. घर अथवा दुकान में जनित्र (generate) होने वाले गीला एवं सूखा कूड़ा को अलग-अल डस्टबिन में एकत्र करें।
10. शहर को स्वच्छ रखने के लिए कूड़े को नगर पंचायत द्वारा अधिकृत घर-घर से कूड़ा एकत्र करने वाले कर्मी को ही दें कूड़े को किसी दशा में नाली/नाले, सड़क अथवा खुले स्थान में न फेंके और न ही जलाएं। कूड़ा खुले में फेंकने से ही सड़क गन्दी होती है। ऐसा करना दण्डनीय अपराध है।

नगर आपका इसे स्वच्छ एवं सुन्दर रखने में सहयोग करें।

(प्रवीण कुमार दूबे)
अधिशाषी अधिकारी
नगर पंचायत तुलसीपुर
जनपद-बलरामपुर

(कहकशाँ फिरोज)
अध्यक्ष
नगर पंचायत तुलसीपुर
जनपद-बलरामपुर


## कार्यालय आदर्श पालिका पंचायत डलमऊ-रायबरेली

**15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर नगर पंचायत डलमऊ जनपद रायरेली की ओर से अपने देश वासियों एवं नगर वासियों के सुख समृद्धि की कामना ज्ञापित की जाती है।**

1. स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 को सफल बनाएं।
2. सूखा कचरा गीला कचरा को अलग-अलग करके कूड़ा गाड़ी में डाले।
3. नगर को स्वच्छ बनाये रखने में सहयोग प्रदान करें।
4. जल है तो कल है जल का दुरुपयोग न करें।
5. मां गंगा नदी में गहरे जल में स्नान न करें, बैरीकेडिंग के अन्दर स्नान करें।
6. गंगा नदी में कूड़ा कचरा न फेंके
7. जल ही जीवन है उसका दुरुपयोग न करें। रेनवाटर हारर्वेस्टिंग सिस्टम अपनाएं।
8. यह नगर आपका है कृपया इसे स्वच्छ बनाए रखने में सहयोग करें।
9. मां गंगा को स्वच्छ रखें उसमें किसी प्रकार का विसर्जन व कूड़ा करकट न फेंके नमामि गंगे योजना को सफल बनाएं।
10. स्वच्छ भारत मिशन को सफल बनाने हेतु अपने घर में शौचालय का निर्माण करें, सार्वजनिक व सामुदायिक शौचालय का प्रयोग करें व सचल मोबाइल टवायलेट का प्रयोग करें, खुले में शौच न करें।
11. सार्वजनिक जगह नाला, नाली, पार्क सड़क आदि पर अतिक्रमण न करें।
12. नगर पंचायत डलमऊ के समस्त करों की अदायगी समय से करें।
13. जन्म-मृत्यु का पंजीकरण 21 दिन के अन्दर कराएं।

**सदस्यगण-** श्री शिवबक्स सोनकर, श्रीमती राजवती सोनकर, श्री ऋषभ मिश्रा, श्री विनोद निषाद, श्रीमती देवनन्दिनी यादव, श्री विनीत जायसवाल, श्रीमती रेशमा बानों, श्री मो0 शकील अहमद, श्रीमती सोनम यादव, श्रीमती सुनीता जायसवाल एवं अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री शुभम गौड़।

**कर्मचारीगण-** श्री शोहराब अली लिपिक, श्री सतीश जायसवाल, श्री आशीष श्रीवास्तव एवं समस्त कर्मचारीगण।



(आरती श्रीवास्तव)
अधिशाषी अधिकारी
नगर पंचायत डलमऊ
रायबरेली



( बृजेश दत्त गौड़)
नगर पंचायत अध्यक्ष
डलमऊ
रायबरेली

## कार्यालय नगर पंचायत महाराजगंज जनपद, रायबरेली।

पत्रांक 570/न0प0महा0/2024-25 — दिनांक 14/8/2024

### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निदेशक स्थानीय निकाय निदेशालय गोमती नगर विस्तार-7, उ0प्र0 कार्यालय पत्र संख्या 4/319/स्व.शौ/2022-23, लखनऊ दिनांक 06.07.2024 के क्रम में मा0 उच्चतम न्यायालय में दाखिल रिट याचिका-324 ऑफ 2020 डा0 बलराम सहिं बनाम यूनियन ऑफ इण्डिया में पारित ओदश दिनांक 20.10.2023 के अनुपाल में प्रदेश के नगरीय क्षेत्र में मैनवुल स्कैवेंजरों एवं अस्वच्छ शौचालयों का सर्वेक्षण नगर पंचायत महराजगंज जनपद रायबरेली सीमान्तर्गत स्थित समस्त 10 वार्डों में किया जा रहा है। अतः 21 अगस्त, 2024 तक कार्यालय नगर पंचायत महराजगंज में उपस्थित होकर या श्री चन्द्रकेश मौर्य सफाई नायक मोबाईल नं0-9026335288 से संपर्क कर अस्वच्छ शौचालयों तथ मैनवुल स्कैवेंजरों की सूचना दे सकता है। जिससे इनका नियमानुसार सर्वेक्षण/चिन्हीकरण का कार्य पूर्ण किया जा सके।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पंचायत महराजगंज
जनपद-रायबरेली

अध्यक्ष
नगर पंचायत महराजगंज
जनपद-रायबरेली।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, गुरसहायगंज-कन्नौज

**स्वतंत्रता दिवस, रक्षाबंधन एवं जन्माष्टमी के पावन पर्व पर समस्त नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं**

स्वच्छ सर्वेक्षण 2024

### नागरिकों से अपील

०१. सूखा एवं गीला कूढ़े के स्रोत पर ही पृथ्थकीकरण करें। ०२ . नगर को स्वच्छ एवं साफ सुथरा रखने में सहयोग करें, सड़कों, नालियों में कूड़ा न फैलाएं। ०३. नाला, नाली फुटपाथ, सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण न करें। ०४. पॉलीथीन, थर्माकोल एवं सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करें। ०५. नगर पालिका के करों का भुगतान समय से करें। ०६. जल अमूल्य है इसका दुरूपयोग न करें। ०७. रोड पटरी पर निर्माण/विध्वंस सामग्री एकत्रित न करें, पालन न करने पर कार्रवाई की जाएगी। ०८. भवन निर्माण करवाने से पूर्व मानचित्र अवश्य स्वीकृत करवाएं। ०९. सार्वजनिक मार्गों पर पशुओं को न बांधे, पालन न करने पर चालानी कार्रवाई की जाएगी। १०. गौवंशों को आवारा न छोड़े। ११. 03 वर्ष के अंदर सेप्टिक टैंक की सफाई अवश्य करायें एवं केवल पंजीकृत आपरेटर से ही सफाई करवायें।

**अनिल कुमार**
अधिशासी अधिकारी

15 स्वतंत्रता दिवस

**मुन्नी देवी गुप्ता**
पालिकाध्यक्षा



समस्त सभासदगण नगर पालिका परिषद-गुरसहायगंज

# दो बसों की भिड़ंत में ड्राइवर सहित दस छात्र घायल

**कर्नलगंज/गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़**




स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के गोण्डा-लखनऊ राजमार्ग पर नकहा बसंत मोड़ पर सुबह लगभग सात बजे दो स्कूल बसों में भिड़ंत हो गई। इस हादसे में ड्राइवर समेत दस छात्र घायल हो गए। गनीमत रही कि दोनों बसें आपस में भिड़ने के बाद हाइवे के डिवाइडर पर चढ़ गई जिससे सड़क किनारे खाई में पलटने से बच गई,इससे बड़ा हादसा होने से टल गया। बताया जाता है कि हादसे के समय एक बस में करीब 35 तो दूसरी बस में 50 छात्र सवार थे। हादसे मे एक बच्चे को गंभीर चोटें आई हैं। घायल बच्चे को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बस को अनियंत्रित होते देख बस का ड्राइवर राम गोपाल बदहवास हो गया,जिससे बस डिवाइडर पर चढ़ गई। स्कूल के बच्चों ने बस के ब्रेक को दबा दिया,जिससे बस रुक गई।

मिली जानकारी के मुताबिक शुक्रवार की सुबह शहर के दो नामी स्कूलों की बसें बालपुर चौकी क्षेत्र से बच्चों को लेकर जा रही थीं। एक स्कूल के छात्रों को निजी लग्जरी बस से ले जाया जा रहा था। यह बस मैजापुर चीनी मिल से वहां के कर्मचारियों के बच्चों को लेकर आ रही थी,जिसमें 50 छात्र सवार थे। वहीं गोंडा शहर के एक स्कूल की बस नकहा बसंत गांव से करीब 35 बच्चों को लेकर हाइवे पर मुड़ रही थी। तभी चीनी मिल की ओर आ रही बस में भिड़ंत हो गई। इस हादसे में नकहा बसंत की ओर से आ रही स्कूली बस के ड्राइवर राम गोपाल वर्मा उम्र करीब 55 वर्ष, कंडक्टर नितिन उम्र 45 वर्ष व चीनी मिल से आ रही बस के ड्राइवर मुकेश कुमार 50 वर्ष को चोटें आईं हैं।

इसके अलावा अनमोल 12 वर्ष, आरवी पाठक 10 वर्ष, लक्ष्य प्रताप सिंह 11वर्ष, रुद्र 9 वर्ष, मानवी साहू 14 वर्ष, रुपाली 11 वर्ष प्रतिभा 12 वर्ष घायल हुए हैं। जिन्हें कस्बे के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां छात्रों का इलाज कर उन्हें घर भेज दिया गया है। सड़क हादसे से भयभीत छात्रों ने स्कूल जाने से मना कर दिया। वह लोग घर लौट गए। चोटिल छात्रों को सरकारी एंबुलेंस से इलाज के बाद घर भेजा गया। वहीं कुछ बच्चे अपने परिवार वालों के साथ गए। इस हादसे से बच्चे सहमे दिखे। इस संबंध में कोतवाल श्रीधर पाठक ने बताया कि दुर्घटना में किसी को गंभीर चोट नहीं लगी है। बालपुर चौकी प्रभारी आलोक कुमार राय से रिपोर्ट मांगी गई है। बस संचालन की जांच की जायेगी।

## ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि ने किया निपुण रक्षाबंधन का शुभारंभ

**विशेश्वरगंज,बहराइच समृद्धि न्यूज़।** ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि विशेश्वरगंज राकेश पांडेय के द्वारा कस्तूरबा विद्यालय विशेश्वरगंज में दीप प्रज्जवलित कर निपूर्ण रक्षाबधन का शुभारंभ किया।साथ में उपस्थित खंड शिक्षा अधिकारी विशेश्वरगंज कमलेश कुमार मिश्र व मंडल अध्यक्ष भाजपा राज कुमार शुक्ल ने विद्यालय के बच्चों का उत्साह वर्धन किया। बच्चों द्वारा आयोजित रंगोली कार्यक्रम ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया । कार्यक्रम के बाद बच्चों को ब्लाक प्रमुख द्वारा तौलिया भेंट किया गया । इस अवसर पर वार्डन नीलम देवी,संध्या वर्मा,गायत्री पाठक,विजय शंकर दूबे,अभय तिवारी,प्रदीप शुक्ल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार ने प्रदर्शनी का किया अवलोकन

**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।**



राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सहकारिता विभाग उत्तर प्रदेश शासन जे.पी.एस राठौर, एवं जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट में ध्वजारोहण किया। साथ ही कलेक्ट्रेट परिसर में पौधरोपण कर जिला पंचायत प्रांगण में जनपद के विभिन्न विभागों द्वारा लगाये विकास प्रदर्शनी का अवलोकन भी किये, तथा अवलोकन के दौरान उन्होंने सभी स्टालों पर विभागीय योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी भी लिये।

स्टालों का अवलोकन के दौरान उन्होंने सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों से कहा कि योजनाओं का प्रचार प्रसार कराते हुए अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ दिलाया जाय। सभागार में कार्यक्रम के दौरान लघु फिल्म की प्रस्तुति की गई। वहीं कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत सभागार में नारी ज्ञानस्थली पीजी कॉलेज तथा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं एवं शिक्षिकाओं ने सरस्वती वन्दना तथा स्वागत गीत गाकर मंत्री का स्वागत किया। सभागार में मंत्री द्वारा जनपद के लोकतंत्र सेनानियों को तथा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के विभिन्न मास्टर ट्रेनरों को एवं जनपद के मशहूर कवि विद्रोही को सम्मानित किया। जिला पंचायत प्रांगण में जनपद में कराये गये विकास कार्यों, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के द्वारा अरगा ब्रांड के तैयार किये गये प्रोडक्ट का स्टाल, कृषि विभाग, गन्ना विभाग, पंचायती राज विभाग, वन विभाग, उद्यान विभाग, डूडा विभाग, प्रधान मंत्री एवं मुख्य मंत्री आवास योजना से संबंधित स्टाल, जलजीवन मिशन योजना, बेसिक शिक्षा विभाग, बाढ़ आपदा राहत विभाग, राजस्व विभाग, खादी ग्रामोद्योग विभाग, मनरेगा विभाग, पर्यटन विभाग आदि विभागों का मंत्री द्वारा अवलोकन किया गया। वहीं कार्यक्रम के अंत में मंत्री जी एवं सांसद कैसरगंज करण भूषण सिंह ने एनसीसी कार्यालय से 77 किलोमीटर की दूरी तय करने वाली तिरंगा साइकिल रैली को झण्डा दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम मिश्र, पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल, मुख्य विकास अधिकारी एम.अरुन्मोली, अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार, मुख्य राजस्व अधिकारी महेश प्रकाश, नगर मजिस्ट्रेट विजय शर्मा, उपजिलाधिकारी सदर गोण्डा अवनीश त्रिपाठी, अपर उपजिलाधिकारी अशोक कुमार गुप्ता, राजीव मोहन सक्सेना, विश्वामित्र, पुनेन्द्र मिश्र, जिला विकास अधिकारी सुशील कुमार श्रीवास्तव, परियोजना निदेशक डीआरडीए चन्द्रशेखर, जिला पंचायत राज अधिकारी लालजी दूबे, डीसी एनआरएलएम जेएन राव, जिला होमगार्ड कामान्डेट, जिला विद्यालय निरीक्षक, सहित अन्य सभी अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# एनसीसी गोंडा के कैडेटों ने निकाली साइकिल रैली

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़**



15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस पर गोरखपुर ग्रुप एनसीसी द्वारा निर्देशित 78 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 77 किलोमीटर की साइकिल यात्रा गोंडा जनपद के एनसीसी छात्र-छात्राओं द्वारा पूरा किया गया 48 यूपी बटालियन एनसीसी गोंडा के कमान अधिकारी कर्नल सुनील कपूर एवं प्रशासनिक अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल रणयोद्ध सिंह के कुशल नेतृत्व में यह साहसिक साइकिल रैली गोंडा में पहली बार आयोजित की गई। साइकिल रैली का शुभारंभ उत्तर प्रदेश सरकार में सहकारिता मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जयेंद्र प्रताप सिंह राठौर, कैसरगंज सांसद करण भूषण शरण सिंह, पुलिस उप महानिरीक्षक देवीपाटन मंडल अमरेंद्र प्रताप सिंह, जिलाधिकारी गोंडा नेहा शर्मा, पुलिस अधीक्षक गोंडा विनीत जायसवाल,अपर जिलाधिकारी गोंडा आलोक कुमार द्वारा किया गया। यह ऐतिहासिक रैली गोंडा से प्रारंभ होकर डेहरास,परसपुर,करनैलगंज से होकर गोंडा में गोल्डन फेरीलान में समाप्त हुई। सभी का स्वागत कमान अधिकारी कर्नल सुनील कपूर ने किया सहकारिता मंत्री ने अपने संबोधन में कैडेटों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि गोंडा जनपद में ऐसी रैली का शुभारंभ करते हुए मुझे गर्व की अनुभूति हो रही है। सांसद कैसरगंज ने कैडेटों को अनुशासित रहते हुए अपने लक्ष्य को प्राप्त करने की बात कही और स्वयं कैडेटों के साथ 15 किलोमीटर साइकिल यात्रा किया,जिलाधिकारी महोदया ने छात्र सहित छात्राओं को प्रतिभाग करने पर प्रशंसा व्यक्त की, पुलिस उप महानिरीक्षक देवीपाटन मंडल ने कैडेटों के जोश को देखकर कहा कि कैडेट देश के भविष्य हैं और मैं इनके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं।

77 किलोमीटर साइकिल रैली में स्वयं कर्नल सुनील कपूर ने कैडेटों के साथ साइकिल चलाया। रैली का जगह-जगह पर स्वागत किया गया प्रशासन की तरफ से विशेष सहयोग मिला साथ ही स्वास्थ्य विभाग,पुलिस विभाग,यातायात विभाग का सहयोग रहा । समापन में रोटरी क्लब गोंडा के सौजन्य से कैडेटों को जलपान की व्यवस्था कराई गई इस रैली को सफल बनाने में बटालियन के समस्त सदस्यों का योगदान रहा।

# निलंबित चार पुलिसकर्मियों पर भ्रष्टाचार का केस दर्ज

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

**भाइयों के विवाद में मामला निपटाने के लिए पुलिस ने लिया था 30 हजार रूपये**

मुर्तिहा कोतवाली में तैनात रहे मुख्य आरक्षी समेत चार पुलिसकर्मी धन वसूली मामले में जून के अंतिम सप्ताह में निलम्बित हुए थे। इन चारो पुलिस कर्मियों पर एसपी के निर्देश पर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है।

मुर्तिहा कोतवाली के भगड़िया गांव निवासी राम खेलावन गुप्ता पुत्र सूर्य नारायण का अपने भाई भीम गुप्ता से बंटवारे का विवाद चल रहा था। भीम गुप्ता ने राम खेलावन के विरूद्ध तहरीर दी थी।इसी मामले को लेकर मुर्तिहा कोतवाली में तैनात मुख्य सिपाही नागेन्द्र मिश्रा, सिपाही मिथिलेश ने 18 जून को कोतवाली में बुलाया। इस मामले में सुलह के नाम पर मुख्य सिपाही नागेन्द्र मिश्रा व सिपाही मिथिलेश उसे कोतवाली से बाहर लाए। वहां सिपाही धर्मेंद्र, महीप शर्मा भी मौजूद थे। इन चारों ने उससे पचास हजार रुपये मांगे गए। राम खेलावन ने पास में धन न होने की बात कहने पर मुख्य सिपाही नागेन्द्र मिश्रा ने अपना खाता नम्बर बताकर उसमे धन भिजवाने को कहा। राम खेलावन ने एक परिचित से कहकर उसके गूगल पे एकाउंट के जरिए दस व बीस हजार की दो किश्तों में धन डलवाया। इसकी शिकायत राम खेलावन ने 29 जून को एसपी से की।

# साधन सहकारी समिति ग्रंट नंबर 18 मे मना स्वतंत्रता दिवस




**संसारपुर खीरी।** साधन सहकारी समिति ग्रंट नंबर 18 विकासखंड बांकेगंज में हर्ष उल्लास के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में, ध्वजारोहण मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि रोमी कक्कड़ ,ने किया। उन्होंने कहा यह पर्व राष्ट्रीय त्योहार है। सबको राष्ट्र के प्रति समर्पित रहना चाहिए। सभापति प्रदीप दीक्षित ने सभी लोगों को ,78वें , स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी । इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष रामानुज मिश्रा,समिति संचालक, राम सिंह यादव, संचालक राम भजन कुशवाहा, उपाध्यक्ष मूलचंद बर्मा, समिति के कर्मचारियों में ,मदनलाल सचिव, सहायक राधेश्याम वर्मा , विष्णु ,गणमान्य व्यक्तियों में, भाईलाल शर्मा, विजय वर्मा आदि अनेक लोक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन मिष्ठान बाट कर किया गया।

# खबरें एक नजर में

## तिरंगे के साथ निकाली गई यात्रा, उमड़ा जनसैलाब

**कर्नलगंज/गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।** कर्नलगंज नगर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर एक ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा नगर पालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष एवं समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव शमीम अहमद अच्छन की अगुवाई में निकाली गई। इसमें नगर के प्रतिष्ठित लोगों के साथ ही भारी संख्या में लोग शामिल हुए। स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर अलखिदमत यूथ फाउंडेशन व पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष शमीम अहमद उर्फ अच्छन की अगुवाई में तहसील गेट से 78 मीटर लंबे तिरंगे के साथ तिरंगा यात्रा हर साल की तरह इस साल भी बड़े ही हर्षोल्लास के साथ निकाली गई। जिसे एसडीएम भारत भार्गव व पूर्व नपाप अध्यक्ष ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

## मोबाइल छीनकर भाग रहे चोर को लोगों ने पीटा



**बहराइच समृद्धि न्यूज।** कोतवाली नगर क्षेत्र में दुकान बंद कर रिक्शे से उतरे व्यापारी से चोर ने मोबाइल छीन लिया। आसपास के लोगों ने पकड़कर चोर की पिटाई की। इसके बाद पुलिस को सौंप दिया। वहीं मुख्य आरोपी मौके से फरार हो गया। कोतवाली नगर के मोहल्ला कानूनगोपुरा निवासी वीरू वालिया दुकान का संचालन करते हैं। छोटी बाजार में स्थित दुकान को वह गुरुवार को बंद कर वापस घर आ रहे थे। देर रात को रिक्शे से घर आते समय एक चोर ने व्यापारी से मोबाइल छीन लिया। व्यापारी के शोर मचाने पर आसपास के लोगों ने चोर को दौड़ाकर पकड़ लिया। इसके बाद उसकी पिटाई कर दी। फिर चोर को पुलिस के हवाले कर दिया। लोगों की पिटाई में चोर घायल भी हो गया। इस मामले में कोतवाल नगर मनोज कुमार पांडेय से बात की गई तो उन्होंने बताया कि चोर के विरुद्ध केस दर्ज कर जेल भेजा जा रहा है। वहीं दूसरा चोर फरार हो गया है। उसे पुलिस खोज रही है।

## डीसीएम की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** हुजूरपुर के लौकाही बाजार के निकट बुधवार रात तेज रफ्तार डीसीएम की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। यह दोनों लौकाही बाजार से बाइक से अपने गांव जाने को निकले थे। सड़क हादसे में दो मौतौं से परिजनों में हाहाकार मच गया है। हुजूरपुर थाने के सिंहपुर निवासी सलमान पुत्र चुन्नू अपने साथी धनपारा के मजरे हरिपुर निवासी 30 वर्षीय नागेन्द्र सिंह पुत्र दुख भंजन सिंह बाइक से बुधवार शाम लौकाही बाजार आए थे। बुधवार रात में वह गांव जाने को बाइक से निकले ही थे। इसी दौरान तेज रफ्तार डीसीएम बाइक मे टक्कर मार चालक वाहन सहित फरार हो गया। दुर्घटना में नागेन्द्र की तत्काल मौत हो गई। जबकि घायल सलमान को चिरैय्या टांड सीएचसी लाए जाने पर चिकित्सकों ने परीक्षण कर उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने दोनों लाशों को कब्जे में लेकर गुरुवार दोपहर में पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

## चोरी की योजना बनाते समय तीन गिरफ्तार

**बहराइच समृद्धि न्यूज।** गोण्डा बहराइच मार्ग पर खुटेहना बाजार स्थित अर्ध निर्मित पुलिया के पास से चोरी की घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे तीन अभियुक्तों को चोरी के उपकरण सहित गिरफ्तार किया गया।प्रभारी निरीक्षक करुणाकर पांडेय ने बताया कि गुरुवार की देर रात्रि उप निरीक्षक नितिन उपाध्याय के साथ आरक्षी संतोष कुमार,शत्रुघ्न यादव,सच्चिदानंद यादव,अर्पित तिवारी और सन्तोष चौहान ने खुटेहना के समीप स्थित अर्ध निर्मित पुलिया पर तीन लोगों को चोरी के उपकरण एक अदद हथौड़ा, एक अदद पिलाश, एक अदद टार्च, तीन अदद चाभी का गुच्छा व 2200 रू0 नगद,सहित एक अदद एण्ड्रायड मोबाइल व एक अदद मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि पकड़े गये अभियुक्त अंकल चौहान पुत्र जग्गू,राम शरण पुत्र कल्लू,रहम पुत्र रामगोपाल निवासीगण महदेऊवा थाना रेउसा जनपद सीतापुर है।

# कटान पीड़ित व्यथित, कोई नहीं ले रहा सुधि!

**बिजुआ खीरी ,समृद्धि न्यूज।**



कटान से विस्थापित होकर पिछले दो माह से खानाबदोश की तरह बंधा किनारे झोपड़ी डाल कर परिवार के साथ रह रहे कटान पीड़ित अब समस्याओं के बाढ़ से व्यथित हो चुके हैं। उनके सामने बेबसी व लाचारी के सिवाय कुछ भी नहीं है जिससे उनका जीवन नरकीय बन चुका है।

शासन-प्रशासन व जन प्रतिनिधियों द्वारा समस्याओं को नजर अंदाज किए जाने से इनकी स्थिति और भी दयनीय हो चुकी है। ये दर्द सारदा नदी के कटान से विस्थापित होकर शारदा नदी के बंधे पर बसे कटान पीड़ितों का है। उनका कहना है कि शासन, प्रशासन व जनप्रतिनिधियों की उपेक्षात्मक रवैए के कारण उन्हें बंधा के किनारे झोपड़ी लगा कर अपने परिवार के साथ रहने को मजबूर होना पड़ रहा है। सरकार की तरफ से बसने के लिए न तो जमीन उपलब्ध कराई गई और न ही अभी तक सभी को घर बनाने को ही किसी तरह की सहायता दी गई। खेत जमीन के शारदा में विलीन हो जाने के कारण रोजी-रोजगार के साधन भी चले गए।

अब तो सब कुछ ऊपर वाले के हाथ में है। पीड़ितों के करीब जाने पर वह बस एक ही बात कहते हैं कि अगर अभी तक हम लोग जिंदा बचे हैं तो सिर्फ भगवान के चलते नहीं तो नेताओं ने तो हमारी बेबसी को खूब भंजाया है। कटान की खबर व फोटो समाचार पत्रों में छपवाने की होड़ में नेताओं के लिए यह कटान स्थल पिकनिक स्पाट बन गया है। कटान पीड़ित कहते हैं कि सभी दलों के नेताओं, जनप्रतिनिधि का आचरण एक ही तरह का है। बस, किसी तरह मीडिया में छाए रहें और जाति, धर्म के नाम पर सत्ता में बने रहना ही उनका एकमात्र उद्देश्य बन चुका है।

## डीएम के निर्देशन पर खाद्य सचल दल ने की छापेमारी

**बलरामपुर।** आगामी पर्व रक्षाबन्धन के दृष्टिगत आमजनमानस को सुरक्षित खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने की दृष्टि से जिलाधिकारी पवन अग्रवाल के निर्देशन में आज मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी राकेश कुमार शुक्ला के नेतृत्व में गठित खाद्य सचल दल द्वारा स्थान पीलीभीत, (बहराइच रोड) बलरामपुर से डेरी से पनीर व दूध का नमूना, स्थान बहादुरापुर (गोण्डा रोड) पर स्थित डेरी से खोया एवं पनीर का नमूना एवं कांधभारी (उतरौला रोड) पर स्थित मिठाई के दुकानो से 02 खोया एवं 01 छेना मिठाई का नमूना तथा भगवतीगंज बलरामपुर से लड्डू का नमूना जॉच हेतु संग्रहीत किया गया। मिलावटी एवं खराब मिठाईयों को मौके पर ही नष्ट कराया गया। खाद्य सचल दल में खाद्य सुरक्षा अधिकारी, एसडी तिवारी, सत्यवीर सिंह, बृजेश वर्मा एवं श्रीराम मौर्य उपस्थित रहे।

# लखीमपुर के कुलदीप काशी में पापुलर पीआरओ से हुए सम्मानित

**बेलरायां खीरी ,समृद्धि न्यूज।**



प्रभु भोले नाथ की नगरी कही जाने वाली काशी में थाना सिंगाही क्षेत्र के नौरंगाबाद मजरा फरदाहिया के मूल निवासी कुलदीप कुमार चौरसिया को ग्रीन सितारा एल्बम अवार्ड में पापुलर फ़िल्म पीआरओ का अवॉर्ड मिला है। जिसका आयोजन विजय पांडेय ने कराया था जो विगत कई वर्षों से मुम्बई में भी ग्रीन सिनेमा अवॉर्ड का आयोजन कराते चले आ हैं जो अब बनारस में दो सालों से ग्रीन सितारा एल्बम का आयोजन करा रहे हैं। यह ग्रीन सितारा एल्बम अवार्ड समारोह का दूसरा साल था जो सफल हुआ। कुलदीप चौरसिया ने ग्रीन सितारा एल्बम अवार्ड के ऑर्गनाइजर विजय पांडेय और वाराणसी फ़िल्म असोसिएशन के अध्यक्ष सोनू तिवारी को धन्यवाद दिया। इस अवॉर्ड फंक्शन में भोजपुरी जगत के नामचीन हस्तियाँ शामिल हुई थीं। बता दे कुलदीप कुमार चौरसिया को कई अवार्ड मिल चुके हैं। फिल्मों के प्रचार प्रसार के साथ साथ वो अन्य तरह के प्रचार प्रसार करते रहते हैं। कुलदीप लखीमपुर खीरी जिले के एकलौते ग्रीन सितारा एल्बम अवॉर्ड समारोह में अवॉर्ड पाने वाले हैं। विगत 11 अगस्त 2024 यह अवॉर्ड फंक्शन बनारस में सम्पन्न हुआ है। जिसमें भोजपुरी के कई सिंगरों, कलाकारों को अवार्ड मिला है। अवॉर्ड पाकर कुलदीप ने बेहद खुशी जाहिर की है। एक छोटे से गाँव से निकलकर भोजपुरी व हिंदी का का पीआर करने वाले कुलदीप ने एक फ़िल्म जगत में अलग ही अपनी पहचान बना रखी है। इन्हें अवॉर्ड मिलने पर लोगों द्वारा खूब बधाईयाँ मिल रही है।

## विशेश्वरगंज में मनाया गया आजादी का जश्न

**विशेश्वरगंज,बहराइच।** ब्लाक मुख्यालय विशेश्वरगंज, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र,थाना परिसर में स्वतंत्रता दिवस की काफी धूम रही।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी के साथ अधीक्षक धीरेंद्र तिवारी ने झंडारोहण किया। ब्लाक परिसर में ब्लाक प्रमुख वंदना पांडेय ,खंड विकास अधिकारी सर्वेश तिवारी ने झंडारोहण किया। थाना प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सिंह ने अपने उपनिरीक्षकों के साथ थाना परिसर में तिरंगा फहराने के बाद विजय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कंछर के बच्चों को मिठाई खिलाकर बच्चों के साथ आजादी का जश्न मनाया। सभी जगह पर शहीदों व देश को आजादी दिलाने वालों को नमन किया गया।

# ध्वजारोहण देर से होने पर आम जनमानस में आक्रोश

**टी-शर्ट लोवर में ही अधीक्षक का 9:30 पर ध्वजरोहण करने का वीडियो वायरल**

**संसारपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**




ब्लॉक बांकेगंज के सीएचसी बांकेगंज में काफी देर से ध्वजारोहण होने पर आम जनमानस ने आक्रोश व्यक्त किया।

सीएचसी अधीक्षक ने ध्वजारोहण 9:30 बजे कराया जिसका स्थानीय लोगों ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाल दिया और सीएचसी अधीक्षक के इस कार्य पर सोशल मीडिया पर जमकर आक्रोश व्यक्त किया। स्थानीय लोगों ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण 8:00 बजे के बजाए 9:30 बजे ध्वजारोहण किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बांकेगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बांकेगंज के अधीक्षक डॉक्टर अमित सिंह अन्य दिनो में नियम और आदेशों को दरकिनार कर लोवर और टीशर्ट पहनकर रहते हैं। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भी सीएससी अधीक्षक में हाफ टी-शर्ट और लोअर में ही 8:00 के बजाय 9:30 बजे ध्वजारोहण किया।

वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही लोगो ने तरह-तरह की प्रतिक्रिया देना शुरू कर दी। किसी ने कहा कि इनके लिए सरकारी आदेश कोई मायने नहीं रखते। तो किसी ने कहा कि ड्यूटी पर भी लोवर और टीशर्ट में रहते हैं और ड्यूटी पर भी आने का इनका कोई समय नहीं।

## नपा अध्यक्ष की अगुवाई में निकली भव्य तिरंगा यात्रा

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के हर घर तिरंगा अभियान के निमित्त स्वतंत्रता दिवस की अगली सुबह नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू की अगुवाई में कैम्प कार्यालय गौशाला से 500 से अधिक बाइकों का हुजूम नगर के मिल रोड से निकल कर मोहमदी रोड,विकास चौराहे से अलीगंज रोड,नानक चौकी, लखीमपुर रोड सहित नगर के प्रमुख मार्गों पर देश के दीवानों की टोली हाथ में तिरंगा लहराते हुए कैम्प कार्यालय में विराम हुआ। कैम्प कार्यालय में आजादी का जश्न मनाने वाले दीवानों को नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने सम्बोधित करते हुए कहा कि, आजादी के अमृत काल में हमारी तिरंगा यात्रा युवाओं को अपनी विरासत, देश की आजादी के लिए बलिदान हुए स्वतंत्रता सेनानी को श्रद्धांजलि, एक भारत श्रेष्ठ भारत का प्रतीक है। तिरंगा यात्रा में भाजपा नेता धर्मेन्द्र गिरि मोंटी, जिला उपाध्यक्ष विनोद वर्मा, नगर अध्यक्ष शत्रोहन मिश्रा, कुम्भी मण्डल अध्यक्ष रविन्द्र कटियार, मण्डल प्रभारी राजीव कौशल,धर्मेन्द्र सिंह, विमलेश वर्मा, सावन भारद्वाज, राजीव वर्मा, विकास मिश्रा, साहिद अंसारी,शक्ति केन्द्र संयोजक सुनील मिश्रा जय शंकर अवस्थी, राम चन्द्र राठौर सहित सैकड़ों कार्यकर्ता तिरंगा यात्रा में मौजूद रहे।

## छात्राओं द्वारा वाद विवाद प्रतियोगिता, कार्यकम आयोजित

**उतरौला,बलरामपुर।** स्कॉलर्स एकेडमी इंटर कॉलेज उतरौला विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस का आयोजन पूरे हर्षोल्लास के साथ किया गयाइस वर्ष की थीम विकसित भारत वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनने के विषय पर छात्र छात्राओं द्वारा वाद विवाद प्रतियोगिता, व अन्य सांस्कृतिक कार्यकमों का आयोजन किया गया। जो छात्र छात्राओं में देशभक्ति की भावना को को बढ़ावा देते हैं। इस अवसर पर प्रधानाचार्य द्वारा माननीय माध्यमिक व बेसिक शिक्षा मंत्री का संदेश सुनाया गया। विद्यालय के निदेशक असलम शेर खान ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में शिक्षा का सबसे महत्वपूर्ण योगदान होगा।

# गन्ना विभाग ने किया संयुक्त सर्वे प्रदर्शन प्रशिक्षण

**अमीरनगर खीरी ,समृद्धि न्यूज।**




चीनी मिल कुम्भी के आगामी पेराई सत्र 2024-25 हेतु किये गये गन्ना सर्वेक्षण का सर्वे प्रदर्शन के सम्बन्ध में चीनी मिल एंव गन्ना विभाग के संयुक्त गन्ना सर्वे प्रदर्शन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन दूसरी बार बुधवार को चीनी मिल कुम्भी के सभागार में किया गया। कार्यक्रम में सर्वेकर्मियों द्वारा गन्ना प्रदर्शन से सम्बधित 63 कालम के खतौनी रजिस्टर में अंकित ऑकड़ों जैसे- कृषक का नाम मय पिता, बैंक का विवरण, मोबाइल नम्बर आपूर्ति साधन, आपूर्ति केन्द्र सर्वेक्षित गन्ना क्षेत्रफल, कुल कृषि योग्य भूमि का गाटावार विवरण आदि के आँकड़ों की जाँच की गयी तथा त्रुटियों को शीघ्रातिशीघ्र दूर करनें हेतु प्रशिक्षित किया गया। साथ ही साथ कृषकों द्वारा दर्ज कराई जाने वाली आपत्तियों के निस्तारण का भी अवलोकन आशुतोष मुधकर-ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक गोला तथा अजीत सिंह ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक कुम्भी द्वारा किया गया तथा परिलक्षित कमियों को सम्बन्धित कृषक से मिलकर दूर करनें के सम्बन्ध में भी जानकारी दी गयी। ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक द्वारा यह अपील की गयी कि कृषक अपना आनलाइन घोषणा-पत्र विभागीय वेबसाइट पर अवश्य भरे। यदि किसी किसान भाई द्वारा घोषणा पत्र नहीं भरा जाता है तो आगामी पेराई सत्र में उनका सट्टा संचालित नहीं होगा तथा साथ ही साथ उन्होनें किसान भाईयों से यह भी अपील की है कि यदि किसान भाईयों को अपने गन्ना सर्वे में किसी भी प्रकार का कोई भी संशोधन कराया जाना है।

## पांच दिवसीय मजलिस का आयोजन आज से

**उतरौला ,बलरामपुर।** पांच दिवसीय मजलिस का आयोजन आज से मरहूम मीर नाजिम हुसैन साहब के अजाखाने में पांच दिवसीय मजिलस का आयोजन हर साल की तरह किया गया है जिसमें मुकामी व बैरूनी उलेमा बयान फरमाएंगे यह आयोजन विगत कई वर्षों से मरहूम मास्टर सैयद अमीर हैदर द्वारा किया जाता रहा है इस वर्ष मौलाना जमाल हैदर हल्लौर मौलाना इब्ने अब्बास बाराबकी मौलाना सिबते हैदर मौलाना मोहम्मद अली मौलाना फिदा हुसैन साहब उतरौला का बयान होगा और अंजुमन अब्बासिया दहियावर अंजुमन कमरे बनी हाशिम उतरोला अपना अपना नोहा पेश करेंगी शोअरा में मुकामी व बरूनी शोअरा अपना कलाम पेश करेंगे।

# डॉ. टेनी हत्या के विरोध में काली पट्टी बांधकर किया प्रदर्शन

**उतरौला,बलरामपुर समृद्धि न्यूज**

यूपीपीएमएस एसोसिएशन के आवाह्न पर शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उतरौला के अधीक्षक डॉक्टर सीपी सिंह के नेतृत्व में सभी चिकित्सकों एवं कर्मियों ने कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर से रेप और हत्या के मामले में विरोध प्रदर्शन किया।

सीएचसी के सभी डॉक्टर्स ने 24 घंटे की हड़ताल का ऐलान किया है। अधीक्षक समेत सभी चिकित्सकों ने दोपहर 2:00 बजे तक काली पट्टी बांधकर ओपीडी किया उसके बाद सभी लोगों ने कोलकाता में दिवंगत ट्रेनिंग चिकित्सा के लिए मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। तथा हाथों में स्लोगन लिखे पोस्टर लिए अस्पताल परिसर में सांकेतिक प्रदर्शन किया। अधीक्षक डॉ सीपी सिंह ने कोलकाता में महिला डॉक्टर के साथ हुए जघन्य कुकृत्य के लिये इंसाफ की मांग की गई। उन्होंने कहा कि जब तक सुरक्षा व्यवस्था, इंतजाम और पीड़ित परिवार को न्याय नहीं मिल जाता, तब तक हड़ताल जारी रहेगा। कोलकाता में महिला रेजिडेंट की निर्मम तरीके से हत्या की गई। देश के लोग और सभी डॉक्टर्स पीड़ित परिवार के साथ खड़े है। डॉक्टर्स 24 घंटे काम करता है। ऐसे में डॉक्टर्स की सुरक्षा जरूरी है।

**सूचना**

पुत्र के सैन्य दस्तावेज में मेरा नाम KAMALA DEVI व जन्मतिथि 01.07.1953 दर्ज हो गयी है। जबकि मेरा वास्तविक नाम KAMALA BAI व जन्मतिथि 01.01.1953 है। KAMALA BAI M/O JC-482341H Sub. Ashok Kumar Sharma, RRC Fatehgarh, R/o Vill & post Dagdiha Jaitwara 163, Distt Satna Madhya Pradesh, Pin-485221

**कार्यालय नगर पंचायत शमशाबाद, जनपद फर्रुखाबाद।**

पत्रांकः मीमो/न0पं0-ना0द0हे0/2024-25/शमशाबाद दिनांक 16 अगस्त 2024

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री भुवनेश गुप्ता आदि पुत्र स्व0 भगवान दास गुप्ता निवासी मो0 मूलचन्द्र द्वारा अपने स्व0 पिता जी के स्थान पर स्वयं श्री भुवनेश गुप्ता एवं माता जी श्रीमती मुन्नी देवी गुप्ता व अविवाहित बहन भुवनेश्वरी गुप्ता पिता श्री भगवान दास गुप्ता के नाम दो दुकान मो0 बाजार मण्डी में तथा मकान मो0 मूलचन्द्र में है को अपने नाम पर नगर पंचायत में दर्ज कराने हेतु आवेदन दिया है। अतः उक्त के संबंध में किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह सूचना प्रकाश से तीस (30) दिवस के अन्तर्गत अपनी आपत्ति मय प्रमाणित अभिलेखों/साक्ष्यों के साथ नियमानुसार प्रस्तुत कर सकता है वाद मियाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा और वह निरस्त समझी जावेगी तथा नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147(1) के खण्ड (ख) के अन्तर्गत नाम परिवर्तन दर्ज कर दिया जावेगा। इसके उपरान्त नगर पंचायत शमशाबाद की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

(अधिशासी अधिकारी) नगर पंचायत, शमशाबाद, जनपद फर्रुखाबाद


जनपद वासियों को 75वें स्वतन्त्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
क्षेत्र पंचायत मौदहा, जनपद हमीरपुर
लालाराम निषाद
ब्लाक प्रमुख प्रति. मौदहा, हमीरपुर
अरविन्द पाल
सचिव मौदहा, हमीरपुर
प्रियंका
सचिव, मौदहा (हमीरपुर)
स्वाती शर्मा
सचिव मौदहा, हमीरपुर
प्रीती सिंह
सचिव मौदहा, हमीरपुर
रूद्रप्रताप सिंह
ए.पी.ओ. मनरेगा
अमित कुमार जैन
ए.डी.ओ. मौदहा
अमर सिंह यादव
ए.डी.ओ. पंचायत मौदहा, हमीरपुर
दुर्योधन
खण्ड विकास अधिकारी मौदहा
बीरेन्द्र पाल
सचिव, मौदहा
अरविन्द सोनी
सचिव मौदहा, हमीरपुर
भगवान प्रसाद
सचिव मौदहा, हमीरपुर
शिवमूरत सिंह
सचिव मौदहा, हमीरपुर
सुनील कुमार निगम
सचिव मौदहा, हमीरपुर
राजू सिंह
सचिव मौदहा, हमीरपुर
बृजेश शुक्ला
सचिव मौदहा, हमीरपुर
ओपेन्द्र पाण्डेय
सचिव मौदहा, हमीरपुर
इमरान खान
बड़े बाबू, मौदहा
असरार अहमद
ग्राम प्रधान गुसियारी संरक्षक प्रधान संघ
श्री प्रदीप कुमार यादव
ग्राम प्रधान गुरदहा
परमहंस
ग्राम प्रधान मसगवा
प्रधान प्रियंका
प्रतिनिधि दिनेश भदुरी मीडिया प्रभारी प्रधान संघ
प्रधान कुन्ता प्रति
बरदानी लाल श्रीवास सिजवाही
राजेश कुमारी
देवी चरण
ग्राम प्रधान सिलौली
दिगम्बर सिंह
ग्राम पंचायत अधिकारी मौदहा, हमीरपुर
हरी बाबू
सचिव मौदहा, हमीरपुर
रामराज
प्रधान कुनेहटा
प्रभात यादव
ग्राम प्रधान उरदना
अवधेश यादव
ग्राम प्रधान चकदाहा
निर्भय सिंह
ग्राम प्रधान रतौली
श्रीमती भूरी
ग्राम प्रधान करहिया
लीला
ग्राम प्रधान भवानी
संतोषी
ग्राम प्रधान लरौंद
प्रधान शाहीन बानो
प्रति. मो. औवैश खान
ग्राम प्रधान परछ
शहजाद अली
ग्राम प्रधान मांचा
संतोषी देवी
ग्राम प्रधान उपरी
प्रहलाद निषाद
ग्राम प्रधान सिजनौड़ा
श्याम बाबू
ग्राम प्रधान बम्हरौली
अब्दुल्लाह खान
ग्राम प्रधान मदारपुर
जुगुल किशोरी सिंह
ग्राम प्रधान बैजेमऊ
लल्लू राम प्रजापति
ग्राम प्रधान भुलसी
प्रधान बृजनरेश
प्रति. मीलू ग्राम छिमौली
सोमवती
ग्राम प्रधान भभई
सुनील कुमार यादव
ग्राम प्रधान छिमौली
विजय कुमार
ग्राम प्रधान कपसा
प्रधान रोशनी परवीन
प्रति. शाह फैसल नारायच
प्रियंका देवी
ग्राम पंचायत परेहटा
बाबूराम प्रधान
ग्राम पंचायत गहरौली खुर्द
श्रीमती कोमल देवी
ग्राम पंचायत पढ़ोहरी
जगतपाल सिंह
ग्राम प्रधान खैर
राकेश कुमार पाल
ग्राम प्रधान छानी
विजय कुमार प्रजापति
ग्राम प्रधान मकरांव
सुहेल अहमद खान
प्रतिनिधि बिगहना
प्रधान मुलिया
प्रति. संतराम कुशवाहा रोहारी
बकसदीन वर्मा
ग्राम प्रधान पिपरौंदा
प्रधान नसीम बानो
प्रति. जलालुद्दीन कम्हरिया
राजू निषाद
ग्राम प्रधान टोलामाफ
बृजरानी
ग्राम प्रधान लेवा
देवीदीन
ग्राम प्रधान गुढा
गिरजारानी
ग्राम प्रधान पारा
राजाबाई पत्नी गंगादीन वर्मा
ग्राम प्रधान इचौली
सियाराम विश्वकर्मा
ग्राम प्रधान फत्तेपुरवा
प्रतिभा देवी
ग्राम प्रधान टिकरी बुजुर्ग
आप सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रईस अहमद
समृद्धि न्यूज संवाददाता, मौदहा, हमीरपुर।
समीर बेग
समृद्धि न्यूज संवाददाता, राठ, हमीरपुर।
विनोद शुक्ला
जिला संवाददाता समृद्धि न्यूज, हमीरपुर।


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रजा मोहम्मद श्रीनाथ
अध्यक्ष
नगर पालिका, मौदहा, हमीरपुर।


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
दुर्योधन
खण्ड विकास अधिकारी
मौदहा, जिला-हमीरपुर।
ए०के० श्रीवास्तव
जिला विकास अधिकारी,
हमीरपुर।


आप सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
कौशल महाराज
(पूर्व प्रधान)
नकरा पनवाड़ी


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
न पूछों जमाने से क्या हमारी कहानी है, हमारी पहचान तो यह है कि हम सिर्फ हिन्दुस्तानी हैं।
अबकी बार
अपनी सरकार
जन-जन का बल
अपना दल
अनुप्रिया पटेल
राष्ट्रीय अध्यक्ष
अपना दल (एस)
महेन्द्र सिंह राजपूत
जिलाध्यक्ष
अपना दल (एस), हमीरपुर


BEST EDUCATION
क्राइस्ट कॉन्वेंट स्कूल- राठ
स्वतंत्रता दिवस
सभी नगरवासियों को 15 अगस्त की हार्दिक शुभकामनाएं
नीट- 2024 (एम.बी.बी.एस. में चयनित)
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें
मोनिका सिंह
अदित्य कुमार
विकाश कुमार
सौरभ वर्मा
94151 45638
94502 66466
94516 91348


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अभिषेक कुमार
इंचार्ज प्रधानाध्यापक
प्रा0वि0 जनकपुर डेरा, राठ (हमीरपुर)।
ब्रजेश कुमार
सहायक अध्यापक
प्रा0वि0 जनकपुर डेरा, राठ (हमीरपुर)।

## वक्फ अधिनियम में संशोधन पर देश विभाजित

नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा वक्फ अधिनियम, 1995 में संशोधन करने के कदम की धर्मनिरपेक्ष पार्टियों और मुस्लिम संगठनों दोनों ने कड़ी आलोचना की है। लेकिन यह इस तथ्य को भी उजागर करता है कि तथाकथित मुस्लिम नेता खुद अपने घर को सही करने के लिए तैयार नहीं हैं। कई राज्यों के वक्फ बोर्डों में कथित अनियमितताओं का फायदा उठाते हुए, सरकार ने इन नेताओं को देश की राजनीति में उनकी जगह दिखाने के लिए यह कदम उठाया है, इससे पहले ट्रिपल तलाक के मुद्दे पर उन्हें कड़ी फटकार लगायी गयी थी। प्रस्तावित संशोधनों के अनुसार, वक्फबोर्ड द्वारा संपत्तियों पर किये गये सभी दावों का अनिवार्य सत्यापन किया जायेगा। वक्फ बोर्ड द्वारा दावा की गयी संपत्तियों के लिए एक अनिवार्य सत्यापन प्रक्रिया प्रस्तावित है। वक्फअधिनियम, 1995 की स्थापना औकाफको विनियमित करने के लिए की गयी थी, जिसका अर्थ है वक्फके रूप में दान की गयी और नामित वह संपत्ति जो एक वाकिफद्वारा मुस्लिम कानून द्वारा पवित्र, धार्मिक या धर्मार्थ के रूप में मान्यता प्राप्त उद्देश्यों के लिए समर्पित करता है। प्रस्तावित संशोधन विभिन्न राज्य निकायों में मुस्लिम महिला सदस्यों को शामिल करके समावेशिता की बात करते हैं। दरअसल, मुस्लिम खुद इसके खिलाफनहीं हैं, क्योंकि इस्लाम एक महिला को मुतवल्ली – वक्फसंपत्ति का प्रबंधक या किसी वक्फबोर्ड का सदस्य होने की अनुमति देता है, क्योंकि यह एक प्रबंधकीय पद है और इसके लिए इस्लामी कानूनों के किसी विशेष प्रशिक्षण की आवश्यकता नहीं होती है, ऐसा दिल्ली स्थित इस्लामिकफिक्ह अकादमी से जुड़े एक मुफ्ती ने बताया। दरअसल, ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड में भी कई महिला सदस्य हैं, उन्होंने आगे कहा। इसलिए, यह बहाना व्यापक आबादी को गुमराह करने के लिए है कि मुसलमान विभिन्न वक्फनिकायों में एक महिला सदस्य को शामिल करने के खिलाफहैं। इस विधेयक को लाने की नींव पिछले साल तब रखी गयी थी जब मार्च 2023 में वकील अश्विनी कुमार उपाध्याय द्वारा एक जनहित याचिका दायर की गयी थी। केंद्र ने दिल्ली उच्च न्यायालय को बताया था कि वक्फअधिनियम के एक या अधिक प्रावधानों को चुनौती देने वाली लगभग 120 रिट याचिकाएं देश की विभिन्न अदालतों में लंबित हैं। उपाध्याय ने वक्फ अधिनियम के कुछ प्रावधानों की वैधता को चुनौती दी थी और केंद्र से श्ट्रस्ट और ट्रस्टी, दान और धर्मार्थ संस्थाओं, और धार्मिक बंदोबस्ती और संस्थाओं के लिए एक समान कानूनश् बनाने का निर्देश मांगा था। याचिकाकर्ता ने कहा कि वक्फअधिनियम 1995 वक्फसंपत्तियों के प्रबंधन की आड़ में बनाया गया था, लेकिन हिंदू धर्म, बौद्ध धर्म, जैन धर्म, सिख धर्म, यहूदी धर्म, बहाई धर्म, पारसी धर्म और ईसाई धर्म के अनुयायियों के लिए समान कानून नहीं थे। श्इसलिए, यह राष्ट्र की धर्मनिरपेक्षता, एकता और अखंडता के खिलाफहै। यहां, यह पूछने पर मजबूर होना पड़ता है कि क्या सरकार भारत भर में विभिन्न ट्रस्टों को विनियमित करने के लिए उसी आधार पर तैयार होगी, जो बद्रीनाथ, केदारनाथ से लेकर तिरुपति तक विभिन्न मंदिरों का प्रबंधन करते हैं। क्या यह इन ट्रस्टों को महिला सदस्यों को शामिल करने के लिए मजबूर कर पायेगी, ताकि समावेशिता बढ़े? मामले को और जटिल बनाने और मुस्लिम समुदाय के बीच कलह के बीज बोने के लिए, सरकार कथित तौर पर बोहरा आगाखानी और अन्य के लिए अलग वक्फबोर्ड का गठन करना चाहती है।

# मंत्रमुग्ध करने वाला था अटल जी का वक्तव्य



**पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि (16 अगस्त) पर विशेष**

**वे 1957 में उत्तर प्रदेश के बलरामपुर से उपचुनाव के जरिए लोकसभा पहुंचे और 1977 तक लोकसभा में भारतीय जनसंघ के संसदीय दल के नेता रहे। अजातशत्रु शब्द यदि किसी के चरित्र में यथारूप बैठता है तो वे श्रीअटल जी हैं। दिग्गज समाजवादियों से भरे प्रतिपक्ष में उन्होंने अपनी लकीर खुद तैयार की। वे पंडित नेहरू और डॉ. लोहिया दोनों के प्रिय थे। वाक्चातुर्य और गांभीर्य उन्हें संस्कारों में मिला, वे श्रेष्ठ पत्रकार व कवि थे ही। इस गुण ने राजनीति में उन्हें और निखारा। अपने कविरूप का हुंकार भरते हुए उन्होंने परिचयात्मक शैली में कहा था- मेरी कविता जंग का ऐलान है, पराजय की प्रस्तावना नहीं, वह हारे हुए सिपाही का नैराश्य निनाद नहीं, वह आत्मविश्वास का जयघोष है।'**

**जयराम शुक्ल**

आज की उथली राजनीति और हल्के नेताओं के आचरण के बरक्स देखें तो अटलबिहारी बाजपेयी के व्यक्तित्व की थाह का आंकलन कर पाना बड़े से बड़े प्रेक्षक, विश्लेषक और समालोचक के बूते की बात नहीं। बाजपेयी जी सुचिता की राजनीति के जीवंत प्रतिमूर्ति थे। आज उनकी पुण्यतिथि है। स्वतंत्रता के बाद जिन नेताओं के व्यक्तित्व की समग्रता का असर देशवासियों पर रहा उनमें से अटलबिहारी बाजपेयी शीर्ष पर हैं। हमारी पीढ़ी ने पं. नेहरू के बारे में पढ़ा व सुना है और अटलजी को विकट परिस्थितियों के साथ दो-दो हाथ करते देखा है।

पंडितजी स्वप्नदर्शी थे जबकि अटलजी ने भोगे हुए यथार्थ को जिया है। एक अत्यंत धनाढ्य वकील के वारिस पंडित जी पर महात्मा गांधी जैसे महामानव की छाया थी और आभामंडल में स्वतंत्रता संग्राम का इतिहास। जबकि अटल जी की राजनीति गांधीजी की हत्या के बाद उत्पन्न ऐसी विकट परिस्थितियों में शुरू हुई, जब राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ और जनसंघ के खिलाफ शंका का वातावरण निर्मित व प्रायोजित किया गया था। जन सरोकारों के प्रति अटलजी का समर्पण, निष्ठा ने ही साठ के दशक में प्रतिपक्ष की राजनीति का शुभंकर बना दिया था। बचपन में हम लोग सुनते थे- अटल बिहारी दीया निशान, मांग रहा है हिन्दुस्तान'... हाल यह कि जो संघ या जनसंघ को पसंद नहीं करता था उसके लिए भी अटल जी आंखों के तारे थे।

वे 1957 में उत्तर प्रदेश के बलरामपुर से उपचुनाव के जरिए लोकसभा पहुंचे और 1977 तक लोकसभा में भारतीय जनसंघ के संसदीय दल के नेता रहे। अजातशत्रु शब्द यदि किसी के चरित्र में यथारूप बैठता है तो वे श्रीअटल जी हैं। दिग्गज समाजवादियों से भरे प्रतिपक्ष में उन्होंने अपनी लकीर खुद तैयार की। वे पंडित नेहरू और डॉ. लोहिया दोनों के प्रिय थे। वाक्चातुर्य और गांभीर्य उन्हें संस्कारों में मिला, वे श्रेष्ठ पत्रकार व कवि थे ही। इस गुण ने राजनीति में उन्हें और निखारा। अपने कविरूप का हुंकार भरते हुए उन्होंने परिचयात्मक शैली में कहा था- मेरी कविता जंग का ऐलान है, पराजय की प्रस्तावना नहीं, वह हारे हुए सिपाही का नैराश्य निनाद नहीं, वह आत्मविश्वास का जयघोष है।'

अटलजी ने एक राजनेता के तौर पर भी इसी भावना को आत्मसात किया। उनकी वक्तव्य कला मोहित और मंत्रमुग्ध करने वाली थी, जो जनसंघ व कालांतर में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं में करो या मरो, संभावनाओं और उत्साह का जोश जगाती रही। वह प्रसिद्ध उक्ति न सिर्फ भाजपा के कार्यकर्ताओं को याद है बल्कि अटलजी के चाहने वालों को आज भी उद्धेलित करती है। 6 अप्रैल 1980 में भारतीय जनता पार्टी के गठन के कुछ महीनों बाद हुए भाजपा के मुंबई अधिवेशन में उद्घोष किया- %अंधेरा छंटेगा, सूरज निकलेगा, कमल खिलेगा।' इसके बाद से कमल खिलता ही रहा।

यह अटलजी की दूरदृष्टि ही कि उनकी पहल पर पार्टी के सिद्धांतों में गांधीवादी समाजवाद के प्रति निष्ठा' का नीति निर्देशक तत्व जोड़ा गया। अटल जी को इस बात का आभास था कि यदि भाजपा को राजनीतिक अस्पृश्यता के बाहर करना है तो गांधी के मार्ग पर चलना होगा। वे 1977 के जनता पार्टी के गठन और उसके अवसान से आहत तो थे पर उनका अनुमान था कि बिना गठबंधन के दिल्ली' हासिल नहीं हो सकती। सत्ता की भागीदारी के जरिए फैलाव की नीति, कम्युनिस्टों से उलट थी, इसलिए वीपी सिंह सरकार में भी भाजपा को शामिल रखा जबकि यह गठबंधन भी लगभग जनता पार्टी पार्ट-टू ही था। 1980 में जनसंघ घटक दोहरी सदस्यता के सवाल पर जनता पार्टी से बाहर निकला था और 1989 की वीपी सिंह की जनमोर्चा सरकार से राममंदिर के मुद्दे पर। 1996 में 13 दिन की सरकार ने भविष्य के द्वार खोले तब अटलजी ने अपने मित्र कवि डॉ. शिवमंगल सिंह सुमन जी की इन पंक्तियों को दोहराते हुए खुद की स्थिति स्पष्ट की थी। क्या हार में क्या जीत में, किंचित नहीं भयभीत मैं। संघर्ष पथ में जो मिले, यह भी सही, वह भी सही।''

ये पंक्तियां अटल जी के समूचे व्यक्तित्व के साथ ऐसी फिट बैठीं कि आज भी लोग इन पंक्तियों का लेखक अटल जी को ही मानते हैं न कि सुमन जी को। अटल जी ने गठबंधन धर्म का जिस कुशलता और विनयशीलता के साथ निर्वाह किया शायद ही अब कभी ऐसा हो। वे गठबंधन को सांझे चूल्हे की संस्कृति मानते थे। एक रोटी बना रहा, दूसरा आटा गूंथ रहा तो कोई सब्जी तैयार कर रहा है, वह भी अपनी शैली में और फिर मिश्रित स्वाद, न अहम्, न अवहेलना। अटलजी का व्यक्तित्व ऐसा ही कालजयी था कि असंभव सा दिखने वाला 24 दलों का गठबंधन हुआ, जिसमें पहली बार दक्षिण की पार्टियां शामिल हुईं। 1998 में जयललिता की हठ से एक वोट से सरकार गिरी। अटल बिहारी बाजपेयी ने कहा जनभावनाएं संख्याबल से पराजित हो गईं, हम फिर लौटेंगे और एक वर्ष के भीतर ही चुनाव में वे लौटे भी और इतिहास भी रचा। अपने राजनीतिक जीवन में अटल जी ने कभी किसी को लेकर ग्रंथि नहीं पाली।

अपनी पार्टी में उनकी विराटता के आगे सभी बौने थे फिर भी उन्होंने आडवाणी जी और मुरली मनोहर जोशी को अपने बराबर समझा। कई मसलों में तो वे आडवाणी के सामने भी विनत हुए। सन् 71 में बांग्ला विजय पर उन्होंने इंदिरा जी मुक्तकंठ से प्रशंसा की। लोकसभा में रणचंडी कहकर इंदिरा जी का अभिनंदन किया। उन्हीं इंदिरा जी ने आपातकाल में बाजपेयी जी को जेल में भी डाला। मुझे नहीं मालूम कि अटल जी ने कभी किसी पर व्यक्तिगत टिप्पणी की या राजनीतिक हमले किए हों। राष्ट्रहित की बातें उन्होंने दूसरों से भी लीं। इंदिरा जी के परमाणु कार्यक्रम को उन्होंने आगे बढ़ाया व 1998 की तेरह महीने की सरकार के दरम्यान पोखरण विस्फोट किए।

किसी की परवाह किए बगैर देश को वैश्विक शक्ति बनाने में लगे रहे। यह संयोग नहीं बल्कि दैवयोग है कि उनका जन्म ईसा मसीह के जन्म के दिन हुआ। वही करुणा, वही क्षमा' पर सिला भी वही ईशु की भांति ही मिला। दिल्ली से लाहौर तक बस की यात्रा की, जवाब में कारगिल मिला। पाकिस्तान को छोटा भाई मानते हुए जब-जब भी गले लगाने की चेष्ठा की, उसका परिणाम उल्टा ही मिला। अक्षरधाम, संसद हमला, एयर लाइंस अपहरण, इन सबके बावजूद उन्होंने जनरल परवेज मुशर्रफ को आगरा वार्ता के लिए बुलाया। लगता है अचेतन मन से आज भी अटल जी यही कह रहे हों कि हे प्रभु, उन्हें माफ करना क्योंकि वे नहीं जानते कि वे क्या कर रहे हैं।

**(लेखक, वरिष्ठ स्तम्भकार एवं पत्रकार हैं।)**

## विचार

# आलोचकों की परवाह न कर अपनी राह चलते हैं पीएम मोदी

**प्रो. संजय द्विवेदी**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी में कुछ तो खास है कि वे अपने विरोधियों के निशाने पर ही रहते हैं। इसका खास कारण है कि वे अपनी विचारधारा को लेकर स्पष्ट हैं और लीपापोती, समझौते की राजनीति उन्हें नहीं आती। राष्ट्रहित में वे किसी के साथ भी चल सकते हैं, समन्वय बना सकते हैं, किंतु विचारधारा से समझौता उन्हें स्वीकार नहीं है। उनकी वैचारिकी भारतबोध, हिंदुत्व के समावेशी विचारों और भारत को सबसे शक्तिशाली राष्ट्र बनाने की अवधारणा से प्रेरित है।

यह गजब है कि पार्टी के भीतर अपने आलोचकों पर भी उन्होंने कभी अनुशासन की गाज नहीं गिरने दी, यह अलग बात है कि उनके आलोचक राजनेता ऊबकर पार्टी छोड़ चले जाएं। उन्हें विरोधियों को नजरंदाज करने और आलोचनाओं पर ध्यान न देने में महारत हासिल है। इसके उलट पार्टी से नाराज होकर गए अनेक लोगों को दल में वापस लाकर उन्हें सम्मान देने के अनेक उदाहरणों से मोदी चकित भी करते हैं। किसी व्यक्ति की लोकतांत्रिकता उसकी अपने दल के साथियों से किए जा रहे व्यवहार से आंकी जाती है। मोदी यहां चौंकाते हुए नजर आते हैं। वे दल के सर्वोच्च नेता हैं किंतु उनका व्यवहार 'आलाकमान' सरीखा नहीं है। आप उन्हें तानाशाह भले कहें, किंतु तटस्थ विश्लेषण से पता चलता है कि 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद आजतक उनकी आलोचना करने वाले अपने किसी साथी के विरूद्ध उन्होंने कोई अनुशासनात्मक कार्रवाई नहीं होने दी।

कल्पना करें कि किसी अन्य दल में अपने आलाकमान या सर्वोच्च नेता की आलोचना करने वाला व्यक्ति कितनी देर तक अपनी पार्टी में रह सकता है। नेंद्र मोदी यहां भी रिकार्ड बनाते हैं। जबकि भाजपा में अनुशासन को लेकर कड़ी कारवाईयां होती रही हैं। भाजपा और जनसंघ के दिग्गज नेताओं में शामिल रहे बलराज मधोक से लेकर कल्याण सिंह, उमा भारती, बाबूलाल मरांडी, बीएस येदुरप्पा जैसे दिग्गजों पर कार्रवाइयां हुई हैं, तो गोविंदाचार्य पर भी एक कथित बयान को लेकर गाज गिरी। उन्हें अध्ययन अवकाश पर भेजा गया, जहां से आजतक उनकी वापसी नहीं हो सकी है। मोदी का ट्रैक अलग है। वे आलोचनाओं से घबराते नहीं और पार्टी में आंतरिक लोकतंत्र की छूट देते हुए अपने आलोचकों को भरपूर अवसर देते हैं।

यह कहा जा सकता है कि मोदी आलोचनाओं के केंद्र में रहे हैं, इसलिए इसकी बहुत परवाह नहीं करते हैं। वे कहते भी रहे हैं कि उनके निंदक जो पत्थर उनकी ओर फेंकते हैं, उससे वे अपने लिए सीढ़ियां तैयार कर लेते हैं। 2014 में उनके प्रधानमंत्री बनने के बाद पार्टी के भीतर भी उनके आलोचकों और निंदकों की पूरी फौज सामने आती है, जो तमाम मुद्दों पर उन्हें घेरती रही है। आश्चर्यजनक रूप से मोदी उनके विरूद्ध पार्टी के अनुशासन तोड़ने जैसी कार्यवाही भी नहीं होने देते हैं। इसमें पहला नाम गाँधी परिवार से आने वाले वरूण गांधी का है, जिन्हें भाजपा ने सत्ता में आने के बाद संगठन में महासचिव का पद दिया। वे सांसद भी चुने गए। किंतु पार्टी संगठन में उनकी निष्क्रियता से महासचिव का पद चला गया और वे मोदी के मुखर आलोचक हो गए। अपने बयानों और लेखों से मोदी को घेरते रहे। बावजूद इसके न सिर्फ उनको 2019 में भी लोकसभा का टिकट मिला, बल्कि आज भी वे पार्टी के सदस्य हैं। खुलेआम आलोचनाओं और अखबारों में लेखन के बाद भी उन्हें आज तक एक नोटिस तक पार्टी ने नहीं दिया है। हां, इस बार वे टिकट से जरूर वंचित हो गए। उनकी जगह कांग्रेस से आए जितिन प्रसाद को पीलीभीत से लोकसभा का टिकट मिल गया। जतिन जीत भी गए।

दूसरा उदाहरण फिल्म अभिनेता और अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में मंत्री रहे शत्रुध्न सिन्हा का है। सिन्हा मोदी के मुखर आलोचक रहे और समय-समय पर सरकार पर टिप्पणी करते रहे। अंततः वे भाजपा छोड़कर पहले कांग्रेस, फिर तृणमूल कांग्रेस में चले गए। अब वे आसनसोल से तृणमूल के सांसद हैं। यही कहानी पूर्व केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता यशवंत सिन्हा की है। उन्होंने भी मोदी विरोधी सुर अलापे और अंततः पार्टी छोड़कर चले गए। उनके पार्टी छोड़ने के बाद भी उनके बेटे जयंत सिन्हा को 2019 में भाजपा ने लोकसभा की टिकट दी। जयंत सिन्हा मोदी सरकार में मंत्री भी रहे। इस बार जयंत का टिकट कट गया। ऐसे ही उदाहरणों में क्रिकेटर कीर्ति आजाद भी हैं। मोदी सरकार के विरूद्ध उनके बयान चर्चा में रहे, संप्रति वे तृणमूल कांग्रेस के साथ हैं। लेखक और दिग्गज पत्रकार अरूण शौरी, अटल जी की सरकार में मंत्री रहे। उनका बौद्धिक कद बहुत बड़ा है। एक इंटरव्यू में अरुण शौरी ने कहा कि नरेंद्र मोदी के बारे में उनके अधिकारी ही मुझे कहते हैं कि उनके सामने बोल नहीं सकते। मंत्री डरे हुए रहते हैं। कोई कुछ बोल नहीं पाता है उनके सामने। उनके सामने जाने और कुछ भी कहने से पहले लोग डरे रहते हैं और सोच समझकर बोलते हैं। हालांकि अटल जी की पर्सनालिटी ऐसी थी कि लोग उनसे अपनी बात कहना चाहते थे और वह सुनते भी थे। उनकी एक खास बात यह भी थी कि वह भी यह जानना चाहते थे कि लोग उनके बारे में क्या सोचते हैं। वह पूछा करते थे और लोग बिना किसी डर के बताते भी थे। तीखी आलोचनाओं के बाद भी मोदी का उनके प्रति सौजन्य कम नहीं हुआ और वे शौरी की बीमारी में उन्हें देखने अस्पताल जा पहुंचे और उनके परिजनों से भी मुलाकात की। अरुण शौरी और पीएम मोदी के रिश्तों में उस समय सबसे ज्यादा खटास देखी गई, जब अरुण शौरी यशवंत सिन्हा के साथ राफेल मामले को सुप्रीम कोर्ट लेकर पहुंच गए। यहां पर उन्होंने मामले की जांच और सौदे पर सवाल उठाए थे। हालांकि सुप्रीम कोर्ट में सरकार को क्लीन चिट मिल गई। रिश्तों में आई खटास के बावजूद भी पीएम मोदी ने पुणे स्थित अस्पताल में अरूण शौरी से मुलाकात की। इस मुलाकात के फोटो शेयर करते हुए लिखा- आज पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण शौरी जी से मुलाकात की और उनका हालचाल जाना। उनके साथ इस दौरान बहुत अच्छी बातचीत हुई।

## जुलाई में मुद्रास्फीति की कम दर के आंकड़ों पर प्रश्नचिह्न

**अंजन रॉय**

बांद्र सरकार द्वारा सोमवार को जारी किये गये नवीनतम मुद्रास्फीति के आंकड़ों से पता चलता है कि 2019 के बाद से कीमतों में सबसे कम वृद्धि हुई है। यह अच्छी खबर है। लेकिन यह कई सवाल भी खड़े करता है। अंतिम आंकड़े जुलाई 2024 में कुल मुद्रास्फीति दर 3.54 प्रतिशत दर्शाते हैं, जो जून में 5.1 प्रतिशत की मुद्रास्फीति दर से बहुत कम है। यहां तक कि जुलाई में मुख्य खाद्य मूल्य मुद्रास्फीति में भी अचानक गिरावट देखी गई और यह देश भर में 5.4 प्रतिशत हो गई, जबकि सब्जियों, फलों और अनाज के मामलों में भी उल्लेखनीय कमी आई।

लेकिन खुदरा बाजारों में खाद्य कीमतों के अनुभव को देखते हुए यह आश्चर्यजनक है, खासकर अप्रैल, मई और जून 2024 में खाद्य कीमतों के रुझान के मद्देनजर। मुद्रास्फीति दर में तेज गिरावट एक तरह की पहेली प्रतीत होती है और रिजर्व बैंक ने अपने पिछले मौद्रिक नीति वक्तव्य में जो उम्मीद की थी, उसके विपरीत है। हालांकि इसने अपनी उम्मीदों को यह कहते हुए स्पष्ट किया कि पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में करीब 3 प्रतिशत के आधार प्रभाव के बाद जुलाई में खाद्य मुद्रास्फीति दर में अनुकूल रुझान दिखना चाहिए। चालू वित्तीय वर्ष की चौथी तिमाही में, जब कृषि क्षेत्र पर अनुकूल दक्षिण-पश्चिम मानसून का असर दिखने लगेगा, तभी खाद्य कीमतों में नरमी आने की उम्मीद है। वास्तव में, नीति वक्तव्य में उपभोक्ता मामलों के विभाग द्वारा बताये गये नवीनतम खाद्य मूल्य मुद्रास्फीति के रुझानों पर विशेष ध्यान दिया गया है। उच्च आवृत्ति वाले खाद्य मूल्य ने जुलाई में टमाटर की कीमतों में 62.1 प्रतिशत, प्याज की कीमतों में 22.6 प्रतिशत और आलू की कीमतों में 18.0 प्रतिशत की वृद्धि दिखाई।

जुलाई में प्रमुख दालों की कीमतों में भी 0.4 से 4.3 प्रतिशत की सीमा में वृद्धि हुई। आइए, हम पिछले मौद्रिक नीति वक्तव्य में दी गई खाद्य मूल्य मुद्रास्फीति दरों पर बारीकी से नजर डालें। अप्रैल-मई में 4.8 प्रतिशत पर रही मुख्य मुद्रास्फीति जून में बढ़कर 5.1 प्रतिशत हो गयी। अप्रैल-मई में 7.9 प्रतिशत से जून में खाद्य मुद्रास्फीति बढ़कर 8.4 प्रतिशत हो गयी। मुख्य मुद्रास्फीति में खाद्य का योगदान अप्रैल में 74.7 प्रतिशत से बढ़कर मई में 75.2 प्रतिशत और जून में 76.3 प्रतिशत हो गया। जून 2023 में खाद्य का योगदान 44.8 प्रतिशत था। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) टमाटर में जून में 48.7 प्रतिशत (मासिक) की वृद्धि हुई, जबकि प्याज में 24.2 प्रतिशत (मासिक) और आलू में 12.2 प्रतिशत (मासिक) की वृद्धि हुई, जिसके परिणामस्वरूप सब्जियों के लिए साल-दर-साल मुद्रास्फीति 29.3 प्रतिशत रही। कुल मिलाकर, सीपीआई बास्केट में 6.0 प्रतिशत भार वाली सब्जियों ने जून में मुद्रास्फीति में 34.9 प्रतिशत का योगदान दिया। अनाज की मुद्रास्फीति अप्रैल में 8.6 प्रतिशत से बढ़कर जून में 8.8 प्रतिशत हो गई। फलों की मुद्रास्फीति अप्रैल में 5.2 प्रतिशत से बढ़कर जून में 7.2 प्रतिशत हो गई। दालों की मुद्रास्फीति जून में 16.1 प्रतिशत रही, जो लगातार 13 महीनों में दोहरे अंकों में दर्ज की गई। पहेली यह है कि एक ही वर्ष में खाद्य मूल्य मुद्रास्फीति में इतनी भारी गिरावट कैसे आ सकती है! इसके लिए अधिक विस्तृत अध्ययन की आवश्यकता है। नवंबर 2023-जून 2024 के दौरान खाद्य मुद्रास्फीति औसतन 8 प्रतिशत के आसपास रही। उच्च खाद्य मूल्य मुद्रास्फीति के संदर्भ में, आरबीआई ने अपनी मौद्रिक नीति के रुख को बनाये रखने का विकल्प चुना, बजाय इसे नीचे की ओर संशोधित करने के, जैसा कि मौद्रिक नीति समिति के कुछ सदस्यों ने दृढ़ता से आग्रह किया था। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने अपने बयान में कहा कि मुद्रास्फीति के बारे में जनता की धारणा खाद्य मुद्रास्फीति दरों से प्रभावित होती है और मुद्रास्फीति की उम्मीदें उसी आधार पर बनती हैं।



## राशिफल

**मेषः-** कोई नई जिज्ञासा मन को आकर्षित करेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में किया गया परिश्रम सार्थक होगा।

**बृषभः-** स्वयं पर भरोसा रख योजनाओं को सुचारू रुप से क्रियान्वित करें। सगे-संबंधों में सरल व व्यावहारिक बनने की कोशिश करें।

**मिथुनः-** किसी महत्वपूर्ण कार्य में अवरोध से मन हतोत्साहित होगा। संबंधों के प्रति कुछ नयी शिकायतें संभव। किसी विद्वान के विचारों से प्रभावित मन में उत्साह का संचार होगा।

**कर्कः-** कोई नई जिज्ञासा मन को आकर्षित करेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में किया गया परिश्रम तीव्र होगा।

**सिंहः-** किसी महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। आवेश में लिये गये निर्णय से पश्चाताप संभव। रोजगार में अति व्यस्तता रहेगी किंतु कायरे को समय से पूर्ण करें।

**कन्या :-** समस्याओं के समाधान हेतु मन नयी-नयी युक्तियों पर केंद्रित होगा। महत्वपूर्ण कायरें के प्रति आलस्य न करें। छोटी-छोटी बातों पर क्रोधित न हो। जीवन साथी से मधुरता कायम रखें।

**तुलाः-** मन सकारात्मक विचारों से प्रभावित होगा। नाजुक संबंधों में संतुलित वाणी का प्रयोग करें। कोई हितैषी बिगड़े हुए संबंधों को सुधरवायेगा। रोजगार में अपनी क्षमता का लाभ उठाएंगे।

**वृश्चिकः-** सभी प्रकार के दायित्वों की पूर्ति हेतु संतुलित योजना पर चलें। किसी महत्वपूर्ण निर्णय में सगे-संबंधियों का सहयोग प्राप्त होगा। विरोधियों की प्रबलता से कार्यक्षेत्र में कुछ कठिनाइयां संभव।

**धनुः-** नये समीकरण लाभकारी कार्य क्षमता के परिचायक होंगे। प्रणय संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। आय-व्यय में संतुलन बनाने का प्रयत्न करें। महत्वपूर्ण कायरे में आलस्य का त्याग करें।

**मकरः-** कुछ अच्छे आसारों से मन प्रफुल्लित रहेगा। पेशे संबंधी कोई यात्रा में अवरोध संभव। शिक्षार्थियों के लिए विशेष लाभ के आसार बनेंगे।

**कुंभः-** पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर उत्साहित होंगे। नियोजित कार्यकुशलता से प्रगति के लिए आशान्वित होंगे। सुखद कायरें की व्यस्तता रहेगी। जीवन साथी के स्वास्य के प्रति सतर्क रहें।

**मीनः-** क्षमता से परे किसी कार्य की जिम्मेदारी लेना हानिकार हो सकती है। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न करें।

# सरकार अनंतकाल तक सरकारी उपक्रमों में पूंजी नहीं डाल सकती

**सरकारी उपक्रमों में सरकार की हिस्सेदारी बेचने की गति भी काफी धीमी रही है। 2017-18 और 2018-19 में विनिवेश राजस्व एक लाख करोड़ रुपये के करीब रहा। उन दोनों वर्षों में तेजी के बाद इस मोर्चे पर सरकार का प्रदर्शन निरंतर कमजोर होता रहा। महामारी के बाद खासतौर पर ऐसा हुआ। जब विनिवेश को शानदार प्रतिक्रिया मिल रही थी उस दौर में भी इससे होने वाली आय सकल घरेलू उत्पाद के 0.5 फीसदी से 0.6 फीसदी के बीच ही थी। बाद के वर्षों में तो यह और कम हुई तथा 2019-20 में जीडीपी की 0.25 फीसदी और गत वर्ष 0.11 फीसदी रह गई। विनिवेश आय में लगातार गिरावट पर आधिकारिक टिप्पणी में कहा गया है कि सरकार मूल्य निर्माण पर ध्यान केंद्रित कर रही है और सरकारी उपक्रमों में हिस्सेदारी बेचने का निर्णय सही समय पर लिए जाने के संकेत हैं।**

**राकेश दुबे**



हिंद भारत ने अपना 78वां स्वतंत्रता दिवस मना ही लिया। प्रतिपक्ष इस बात का सबूत माँगता रहा कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की सार्वजनिक क्षेत्र से संबंधित नीतियों में सूक्ष्म किंतु महत्त्वपूर्ण बदलाव आया है तो क्या? पिछले सप्ताह लोक सभा में पेश किया गया नया संशोधन विधेयक ही काफी है। यह सही है कि सैद्धांतिक तौर पर सरकार अपने उस पुराने निर्णय पर अटल है कि कम महत्त्व वाले क्षेत्रों के सरकारी उपक्रमों से वह निकल जाएगी और महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति कम से कम रखेगी, परंतु इस नीति को अगर त्यागा नहीं भी गया है तो फिलहाल यह रुकी हुई प्रतीत होती है।

मोदी सरकार ने आईडबीआई के अलावा दो सरकारी बैंकों के निजीकरण का प्रस्ताव रखा था। तब से तीन वर्ष बीत गए हैं और अब थोड़ी बहुत उम्मीद इस बात की है कि आईडीबीआई बैंक को चालू वित्त वर्ष के अंत तक निजी हाथों में बेच दिया जाएगा। इस माह के आरंभ में केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में बैंकिंग नियमन अधिनियम, भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम और बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अधिग्रहण एवं अंतरण) अधिनियम में संशोधन के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। इससे उम्मीद बढ़ी कि निजीकरण के मोर्चे पर कुछ प्रगति हो रही है। जैसा पिछले सप्ताह के घटनाक्रम में दिखा, इन संशोधनों का प्राथमिक उद्देश्य था बैंक खातों और लॉकरों के धारकों के लिए अधिकतम चार व्यक्तियों को नामित किए जाने की अनुमति देना, सहकारी बैंकों के निदेशकों का कार्यकाल बढ़ाना और जिस लाभांश, शेयर तथा ब्याज या बॉन्ड की रकम पर दावा नहीं किया गया, उन्हें निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण कोष में भेजने में सहायता करना।

सरकारी उपक्रमों में सरकार की हिस्सेदारी बेचने की गति भी काफी धीमी रही है। 2017-18 और 2018-19 में विनिवेश राजस्व एक लाख करोड़ रुपये के करीब रहा। उन दोनों वर्षों में तेजी के बाद इस मोर्चे पर सरकार का प्रदर्शन निरंतर कमजोर होता रहा। महामारी के बाद खासतौर पर ऐसा हुआ। जब विनिवेश को शानदार प्रतिक्रिया मिल रही थी उस दौर में भी इससे होने वाली आय सकल घरेलू उत्पाद के 0.5 फीसदी से 0.6 फीसदी के बीच ही थी। बाद के वर्षों में तो यह और कम हुई तथा 2019-20 में जीडीपी की 0.25 फीसदी और गत वर्ष 0.11 फीसदी रह गई। विनिवेश आय में लगातार गिरावट पर आधिकारिक टिप्पणी में कहा गया है कि सरकार मूल्य निर्माण पर ध्यान केंद्रित कर रही है और सरकारी उपक्रमों में हिस्सेदारी बेचने का निर्णय सही समय पर लिए जाने के संकेत हैं।क्या सरकारी उपक्रमों से मिलने वाला लाभांश इतना बढ़ गया है कि उसने सरकार का यह भरोसा दे दिया कि मूल्य निर्माण शुरू हो गया है और उनके प्रदर्शन में सुधार कम से कम गैर कर राजस्व बढ़ाएगा और उसकी वित्तीय स्थिति मजबूत करेगा? नहीं। वित्तीय क्षेत्र से बाहर के सरकारी उपक्रमों के लाभांश धीमी गति से बढ़ा है। 2023-24 यह 50,000 करोड़ रुपये पर पहुंचा था, जो दस साल पहले की तुलना में केवल दोगुना हो पाया था। जीडीपी के प्रतिशत के रूप में भी गत वर्ष लाभांश केवल 0.17 फीसदी रह गया, जबकि 2013-14 में यह 0.23 फीसदी था। यानी लाभांश तेजी से नहीं बढ़ रहा है और विनिवेश से आय घट रही है। यह वृद्धि सरकारी इक्विटी निवेश तीन गुना होने के साथ-साथ सरकारी उपक्रमों की अधिक आंतरिक संसाधन जुटाने की क्षमता का परिणाम थी। इससे यह भी पता चला कि सरकारी उपक्रमों की हिस्सेदारी की रणनीतिक बिक्री और विनिवेश पर तमाम बातों के बावजूद मोदी सरकार सार्वजनिक क्षेत्र को अधिक संसाधन प्रदान करने और अधिक संसाधन जुटाने की उनकी क्षमता में इजाफा करने में लगी हुई थी। चिंता की बात यह है कि बीते कुछ सालों में सरकारी क्षेत्र के निवेश की कहानी अक्षुण्ण रही क्योंकि सरकार इक्विटी निवेश करती रही। कोविड के बाद के दौर में सरकारी क्षेत्र की आंतरिक संसाधन जुटाने या ऋण जुटाने की क्षमता प्रभावित हुई है। अगर सरकार को लगता है कि मूल्य निर्माण सरकारी क्षेत्र के लिए रणनीति है तो उसे इक्विटी डालने के अलावा भी कुछ करना होगा। इक्विटी निवेश भी भारत संचार निगम लिमिटेड, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और भारतीय रेल जैसे कुछेक संस्थानों तक सीमित हैं। बीते दो सालों के कुल पूंजीगत आवंटन में इन संस्थानों की हिस्सेदारी 87-90 फीसदी रही। सरकार अनंतकाल तक सरकारी उपक्रमों में पूंजी नहीं डाल सकती। उसे प्रदर्शन के दूसरे पैमाने तय करने ही होंगे ताकि बेहतर वित्तीय नतीजे पाए जा सकें और सरकारी खजाने पर बोझ कम हो सके।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
( *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# हर्षोल्लास के साथ मनाया 78वां स्वतंत्रता दिवस

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

78 वां स्वतंत्रता दिवस जिले में बड़े हर्षोउल्लास के वातावरण में मनाया गया। जनपद के सभी सरकारी और गैर सरकारी भवनों पर प्रातः 8 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने कलेक्ट्रेट भवन तथा मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन ने विकास भवन में राष्ट्रीय ध्वज फहराया तथा आजादी के अमर सपूतों एंव क्रांतिकारियों को श्रद्धांजलि एवं श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों एवं अन्य गणमान्य नागरिकों को राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता की शपथ दिलायी।

स्वतत्रंता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अन्तर्गत जीआईसी ऑडीटोरियम में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसका शुभारम्भ राज्यमंत्री सतीश चन्द्र शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्षा राजरानी रावत, विधान परिषद सदस्य अंगद सिंह, जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार, तथा मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन द्वारा किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने जनपद के स्वतत्रंता संग्राम सेनानी के परिजन को माला पहनाकर तथा अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया और जनपदवासियों को स्वतत्रंता दिवस की हार्दिक बधाई दी।

कार्यक्रम के दौरान मिशन शक्ति योजना के अन्तर्गत विभिन्न लाभार्थियों को ई-रिक्शा की चाभी वितरित की गयी, जिसमें आयुषी चैरसिया, आफरीन, पूनम, सीमा वर्मा, रेखा, संजू कुमारी, शिवानी, शान्ति देवी, कुसुमा देवी पाल शामिल है। इस अवसर पर काकोरी ट्रेन ऐक्शन शताब्दी महोत्सव के अन्तर्गत जनपद स्तर पर सामान्य ज्ञान, चित्रकला, निबन्ध तथा वाद विवाद प्रतियोगिताओं के प्रथम, द्वितीय व तृतीय विजेताओं को सम्मानित किया गया। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर आभाष सिंह व कोमल शुक्ला को, द्वितीय स्थान के लिए दीपांशु व दुर्गेश को तथा तृतीय स्थान के लिए उम्मे रूश्दा को पुरस्कृत किया गया। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय क्रमशः अनन्या वर्मा, आकांक्षा वर्मा, पार्थ सारथी को तथा निबन्ध प्रतियोगिता में रशा बानों, अंशी कुमारी को प्रथम स्थान के लिए, हेरा बानो और पूजा को द्वितीय स्थान तथा सुभी वर्मा को तृतीय स्थान के लिए पुरस्कृत किया गया। इसी प्रकार वादविवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान के लिए तापोष घोष, द्वितीय स्थान के लिए साजिया बानो व सुभाष तिवारी तथा तृतीय स्थान के मो0फिरोज को पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विद्यालयों के छात्र छात्राओं ने अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गयी, जिसकी सभी ने खूब सराहना की। इन विद्यालयों में पीएमश्री राजकीय बालिका इण्टर कालेज बाराबंकी, पायनियर माण्टेसरी इण्टर कालेज लखपेड़ाबाग, जमीलुर्रहमान किदवई गर्ल्स इण्टर कालेज बाराबंकी, अजीमुद्दीन अशरफ इस्लालिमया इण्टर कालजे बाराबंकी शामिल है।

कार्यक्रम के दौरान अपर जिलाधिकारी अरूण कुमार, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट काव्या सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक इन्द्रसेन, जिला विकास अधिकारी भूषण कुमार, परियोजना निदेशक डीआरडीए मनीष कुमार, उपजिलाधिकारी मधुमिता सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक ओपी त्रिपाठी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष देव पाण्डेय, उपकृषि निदेशक श्रवण कुमार, सहायक जिला पर्यटन अधिकारी मनीषा चैधरी सहित विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकगण और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।



**आयोजित किए गए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम**

## चीनी मिल में धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** बलरामपुर चीनी मिल्स लिमिटेड की हैदर गाड़ी इकाई में 78 व स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया।

इस अवसर पर चीनी मिल के मुख्य महाप्रबंधक बीके यादव ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया तथा राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। इस अवसर पर श्री यादव ने सुरक्षा गारद का निरीक्षण किया एवं परेड की सलामी ली।

## राष्ट्रभक्ति से सराबोर हुए लोग, क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस





**हैदरगढ़।** स्वतंत्रता दिवस की 78वीं वर्षगांठ पर पूरे क्षेत्र में जश्न का माहौल रहा। झंडारोहण के अलावा देश को आजादी दिलाने वाले लाखों अमर बलिदानियो को याद किया गया और बड़े बलिदानों के बाद मिली इस आजादी को अक्षुण्ण रखने के लिए अपने उत्तरदायित्व का ईमानदारी से निर्वहन करने की शपथ ली गई। छात्र–छात्राओं द्वारा निकाली गई प्रभात फेरी में राष्ट्रीय प्रेम से ओतप्रोत उद्घोष कर लोगों में राष्ट्र प्रेम की भावना जगाने का काम किया गया। ब्लॉक प्रमुख प्र रामदेव सिंह ने ब्लॉक मुख्यालय चेयरमैन आलोक तिवारी ने नगर पंचायत कार्यालय पर झंडा रोहण के अलावा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में हिस्सा लिया। ब्लॉक मुख्यालय पर श्री सिंह ने खंड विकास अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता के साथ संयुक्त रूप से झंडारोहण किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस का यह राष्ट्रीय पर्व इस मामले में अनोखा है कि पूरा देश जाति धर्म मजहब से ऊपर उठकर इस पर्व को मनाता हैं। नगर पंचायत कार्यालय पर झंडारोहण के बाद अपने संबोधन में आलोक तिवारी चेयरमैन ने कहा बड़ी संख्या में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदानों के बाद मिली इस आजादी को अक्षुण्ण रखने के लिए हमें जाति मजहब से ऊपर उठकर राष्ट्र के विकास के लिए काम करना होगा। इसी क्रम में ग्राम्यांचल सेवा समिति द्वारा संचालित ग्राम्यांचल पीजी कॉलेज, पंडित सुरेंद्रनाथ अवस्थी शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान,ग्राम्यांचल विधि महाविद्यालय, एस एन ए इंस्टीट्यूट आफ फार्मेसी, ग्राम्यांचल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल एवं ग्राम्यांचल इंटर कॉलेज में शरद अवस्थी पिंटू भैया, आशुतोष अवस्थी टिंकू भैया, सिद्धार्थ अवस्थी सिद्धू आदि द्वारा झंडा रोहण किया गया। इसके अलावा क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत, वरिष्ठ सपा नेता एवं चेयरमैन प्रतिनिधि अदनान चौधरी, सपा नेता पप्पू सिद्दीकी, समाजसेवी राजू भैया सरस्वती विद्या मंदिर में चेयरमैन आलोक तिवारी द्वारा झंडा रोहण किया गया ।

## चाइल्ड फ्रेण्डली स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया स्वाधीनता दिवस



बनीकोडर शिक्षा क्षेत्र के ग्राम छंदवल में बेसिक उत्थान एवं ग्रामीण सेवा संस्थान द्वारा नि:शुल्क संचालित चाइल्ड फ्रेण्डली स्कूल में 78वां स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त बड़े हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। जवाहर नवोदय विद्यालय के पूर्व प्राचार्य एवं पूर्व उपायुक्त एस राम तथा संस्था के अध्यक्ष रत्नेश कुमार ने संयुक्त रूप से झंडारोहण किया और छात्र छात्राओं, अभिभावकों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। इस मौके पर एस राम ने कहा कि राष्ट्रीय त्योहार छात्र छात्राओं के लिए राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत करते हैं। उन्होंने कहा कि देश की आजादी की कीमत को कभी भुलाया नही जा सकता है। पूर्व बैंक अधिकारी आई पी सिंह ने कहा कि छात्र जीवन मे जो राष्ट्र भक्ति जागृत होती है वह जीवन पर्यंत बनाए रखना चाहिए। प्रबंधक रत्नेश कुमार ने सभी का स्वागत किया और स्कूल में बच्चों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा दिलाने का संकल्प व्यक्त किया। प्रधानाचार्य विनोद कुमार ने सभी बच्चों व अतिथियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी और आभार व्यक्त किया। इस मौके पर स्कूल के छात्र छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका वन्दना वर्मा ने किया। बच्चों के कार्यक्रम प्रस्तुत कराने में शिक्षिका पूनम रत्नाकर, शारदा रावत, सरिता यादव, प्रिया मौर्य का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर स्कूल स्टाफ जियालाल, सरोज, सरस्वती व अभिभावक जानकी प्रसाद यादव, शीला, मीरा, राजकुमारी, सुधा, तारादेवी, जय हिंद राम महेश, मृत्युंजय, दिनेश सहित तमाम अभिभावक व सैकड़ों छात्र छात्राएं उपस्थित रहीं।

# राज्य मंत्री व डीएम ने कलेक्ट्रेट में तिरंगा फहराकर पंच प्रण की दिलाई शपथ

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



जलशक्ति राज्य मंत्री रामकेश निषाद एवं जिलाधिकारी मृदुल चौधरी ने आजादी के 78 वें स्वाधीनता दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट में तिरंगा झंडा फहराया तथा झंडे को सलामी दी तथा राष्ट्रीय गीत का गायन किया गया, जिससे पूरा कलेक्ट्रेट राष्ट्रगीत से गुंजायमान हो गया। इस अवसर पर राज्य मंत्री एवं जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों सहित कार्यालय प्रमुख एवं कलेक्ट्रेट परिवार के साथ 78 वें स्वाधीनता दिवस के अवसर पर सभी को ''पंच प्रण'' की शपथ दिलायी। ।''मै शपथ लेता हूॅ कि, विकसित भारत के निर्माण में अपनी भागीदारी निभाउॅगा, मैं शपथ लेता हूॅ कि गुलामी की मानसिकता से मुक्ति के लिए हर संभव प्रयास करूंगा। ''मैं शपथ लेता हॅू कि देश की समृद्धि विरासत पर गर्व करूंगा और इसके उत्थान के लिए हमेशा कार्य करता रहूॅगा।

मैं शपथ लेता हूॅ कि देश की एकता और एकजुटता के लिए सदैव प्रयासरत रहॅूगा। मै शपथ लेता हॅू कि राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों का पालन करूंगा। मैं शपथ लेता हॅू कि देश के गौरव के लिए प्राण देने वाले वीरों से प्रेरित होकर, राष्ट्र की रक्षा, सम्मान और प्रगति के लिए समर्पित रहॅूगा। इसके पश्चात कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित गोष्ठी का शुभारंभ राज्य मंत्री,भाजपा जिलाध्यक्ष अवधेश गुप्ता, जिलाधिकारी, अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व रामप्रकाश एवं उपस्तिथ अन्य अधिकारिओं ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने देश को आजादी दिलाने में शहीद हुए क्रांतिकारियों, अमर शहीद वीरों एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, जिन्होंने देश की सेवा में अपना सर्वस्व निछावर कर दिया तथा देश की सीमा में जो जवान लगे हैं, उनको नमन करते हुए कहा कि देश की आजादी में इन महापुरुषों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है, जिसमें राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, सुभाष चंद्र बोस सहित अनेकों अनगिनत हस्तियां हैं, जिन्होंने देश को आजादी दिलाने में अंग्रेजों से लोहा लेकर अपने प्राणों को न्योछावर कर हमें आजादी दिलाई है।उन्होंने कहा कि आजादी मिलने के पश्चात हमारे देश के संविधान की संरचना हुई उस संविधान सभा के निर्माण में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी का महत्वपूर्ण योगदान है हम उनके योगदान को नहीं भुला सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमें अपने देश की आजादी को हर हाल में सुरक्षित बनाए रखना है और राष्ट्रीय एकता और अखंडता के लिए हम सभी लोगों को मिलजुल कर काम करना है। राज्य मंत्री नें अपने सम्बोधन में कहा कि हमें आजादी प्राप्त होनें से हम भारतवासियों को सामाजिक, लोकतांत्रिक स्वतंत्रता के साथ आर्थिक, सामाजिक एवं राजनीतिक रूप से स्वतंत्रता प्राप्त हुई है।उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को संचालित कर रही है, उनका लाभ समाज के अंतिम छोर में खड़े हुए व्यक्ति तक सामाजिक न्याय के साथ ले जाना हमारा उत्तरदायित्व है। इस कार्य को पूरी पारदर्शिता के साथ सभी योजनाओं का लाभ जनता तक पहुंचाया जा रहा है। इस अवसर पर राज्य मंत्री एवं जिलाधिकारी नें कलेक्ट्रेट परिसर से तिरंगा यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा कलेक्ट्रेट परिसर में वक्षारोपण किया। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रामप्रकाश, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोईनुल इस्लाम, अपर जिलाधिकारी न्यायिक शिशिर कुमार सहित उपजिलाधिकारी एवं कलेक्ट्रेट के अधिकारी एवं कर्मचारी तथा गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## स्वतंत्रता दिवस पर चेयरमैन व ईओ ने सफाई कर्मियों को उत्कृष्ट सफाई कार्य के लिए किया सम्मानित

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



स्वतंत्रता दिवस की 78वीं वर्शगांठ नगर पालिका कार्यालय में समारोह पूर्वक मनायी गयी। इस मौके पर उत्कृष्ट सफाई कार्य के लिए सफाई कर्मचारियों एवं सफाई नायकों तथा जिला नगरीय विकास अभिकरण के अधीन संचालित महिला स्वयं सहायता समूहों को जनपद की निकायों में ससमय तिरंगा झण्डा उपलब्ध कराने हेतु सम्मानित किया गया।

स्वतंत्रता दिवस की 78वीं वर्शगांठ के अवसर पर पालिकाध्यक्ष डॉ. सन्तोश चौरसिया एवं अधिषासी अधिकारी अवधेष कुमार ने ध्वजारोहण किया तत्पष्चात् राश्ट्रगान गाया गया। नगर में डोर-टू-डोर कूड़ा करने वाले, सफाई कार्मिकों एवं उत्कृश्ट सफाई कार्य के लिए सफाईनायकों को प्रषस्ति पत्र एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार जनपद की समस्त पांचों निकायों में बीस हजार तिरंगा झण्डा बनाकर उपलब्ध कराने वाले महिला सहायता समूहों क्रमषः रसिका महिला स्वयं सहायता समूह की किरन वर्मा, वीरभूमि महिला स्वयं सहायता समूह की पानकौर वर्मा, राजाराम महिला स्वयं सहायता समूह की साधना, श्रीकृश्णा महिला स्वयं सहायता समूह की माया, भावना आटा चक्की महिला स्वयं सहायता समूह की भावना त्रिपाठी, सिद्दीकी महिला स्वयं सहायता समूह की षबाना, कालिनी महिला स्वयं सहायता समूह की सन्ध्या चौरसिया आदि को सम्मानित किया गया। महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा तिरंगा झण्डा बनाने का कार्य जिला नगरीय विकास अभिकरण की सीएमएम श्रीमती नीलम के कुषल निर्देषन में सम्पन्न किया गया। स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर सम्मानित सभासदगण, कर अधीक्षक हरिष्चन्द्र यादव, प्रभारी लेखाकार अरूण षुक्ला, राजेष त्रिपाठी, मुहम्मद षमीम एवं स्वच्छ भारत मिषन-नगरीय के जिला कार्यक्रम प्रबन्धक जन्मेजय सिंह सहित पालिका कर्मी एवं गणमान्य जन उपस्थित रहे।

## डीएम ने अनाथालय पहुंच बच्चों को किए फल वितरित





**महोबा, जिलाधिकारी, समृद्धि न्यूज।** मृदुल चौधरी एवं अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व राम प्रकाश ने भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रांतीय अनाथालय महोबा में बच्चों को फल का वितरण किया ।इस अवसर पर जिलाधिकारी नें कहा कि 1929 में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के द्वारा शिलान्यास किए गए इस अनाथालय में जो बच्चे रहे हैं उनमें प्रतिभा की कोई कमी नहीं है बस उनको निखारने की आवश्यकता है।उन्होंने बताया कि स्वतंत्रता संग्राम के दौरान राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी ने जनपद के बेलाताल में सन 1922 में दूसरे खादी के केंद्र को खुलवाया था, उनका बुंदेलखंड क्षेत्र के प्रति लगाव रहा है। उन्होंने कहा कि इस बाल सेवा सदन व अनाथालय में जो बच्चे पढ़ रहे हैं तथा इसके और विकास के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा।

इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर मृत्युंजय मिश्रा सहित श्री दाऊ तिवारी, ज्ञानेश अवस्थी, शिव कुमार गोस्वामी, राम जी गुप्ता सहित रेड क्रॉस सोसायटी के पदाधिकारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# खबरें एक नजर में

## जैदपुर ऑटो सेल्स पर हुआ झंडारोहण

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** कस्बा सहित क्षेत्र मे स्वतंत्रता दिवस का पर्व हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया ।इसी क्रम मे हर वर्ष की तरह इस वर्ष थाना चौराहा स्थित जैदपुर आटो सेल्स एण्ड सर्विस (हीरो एजेन्सी) पर प्रोपराइटर मोहम्मद सालिम के नेतृत्व मे स्वतंत्रता दिवस का पर्व मनाया गया ।एजेन्सी प्रांगण मे थाना प्रभारी अमित प्रताप सिंह व समाजसेवी मोहम्मद सालिम द्वारा संयुक्त रूप से झंडारोहण किया गया। इस अवसर पर थाना प्रभारी अमित प्रताप सिंह ने कहाकि हमारे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियो की अजीम कुर्बानियो के बाद सन् 1947 मे 15 अगस्त को भारत के निवासियो ने ब्रिटिश शासन से स्वतंत्रता प्राप्त की थी यह भारत का राष्ट्रीय पर्व है ।वही समाजसेवी मोहम्मद सालिम ने कहाकि भारत का स?वतंत्रता दिवस हर वर्ष 15 अगस?त को देश भर में हर्ष उल?लास के साथ मनाया जाता है ।यह प्रत?येक भारतीय को एक नई शुरूआत की याद दिलाता है। इस दिन 200 वर्ष से अधिक समय तक ब्रिटिश उपनिवेशवाद के चंगुल से छूट कर एक नए युग की शुरूआत हुई थी। कोठी हीरो एजेन्सी पर पूर्व प्रमुख सिद्धौर रमेश चन्द्र वर्मा द्वारा झंडारोहण और राष्ट्रगान किया गया ।इस अवसर पर कस्बा इंचार्ज रनवीर सिंह,गुफरान खान,सलमान मियां,चांद खान, सभासद राम सिंह,साएम मेंहदी, निजामुद्दीन, मोहम्मद कासिम, अधिशासी अधिकारी आलोक वर्मा, मोहम्मद नसीम शाहरूख, मोहम्मद अल्ताफ, मोहम्मद सगीर, वकील खजूर, मिस्बा नेता,वसीम मेम्बर, शहाबुद्दीन सिद्दीकी,राजन बक्सोर, रामलखन, श्यामू जायसवाल,अलीम राईन, इरशाद मेम्बर, मास्टर इस्राइल, मनीराम, इमदाद मामा, शैलेन्द्र जायसवाल, मास्टर अहमद,पूर्व प्रधान तब्बाव अंसारी,लाडू दालवाला,परवेज खान,शानू, सलमान सहित बड़ी संख्या मे लोग मौजूद थे।

## बिजली पोल में उतरे करंट की चपेट में आकर बालक की मौत

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** बिजली विभाग की घोर लापरवाही के चलते खम्भे में उतरे करंट की चपेट में आकर गुरुवार की सुबह एक 11 वर्षीय छात्र की दर्दनाक मौत हो गई। परिजनों द्वारा पोस्टमार्टम करने से इनकार करने पर पुलिस ने पंचनामा करके शव को परिजनों के हवाले कर दिया। बाद में पैतृक गांव ले जाकर बालक के शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। जानकारी के अनुसार पड़ोसी जनपद रायबरेली के थाना बछरावां के रसूलपुर गांव निवासी मोहम्मद इरशाद का पुत्र असद अली कोतवाली हैदरगढ़ के लाही गांव निवासी नाना हाशिम अली के यहां अपनी मां के साथ रहकर पढ़ाई करता था उसके पिता सहारनपुर में नौकरी करते थे। हैदरगढ़ रायबरेली मार्ग पर स्थित बाबा काशी विश्वनाथ स्कूल में कक्षा 2 का छात्र असद अली गुरुवार की सुबह स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में हिस्सा लेने की तैयारी के तहत खेतों में शौच के लिए गया था। वापस लौट रहा था कि तभी गांव निवासी कृष्ण पाल सिंह के घर के निकट रास्ते में गुजरी कार से बचने के लिए रास्ते के किनारे लगे खंभे से छू गया और देखते ही देखते करंट की चपेट में आकर बच्चा गंभीर रूप से घायल होकर बेहोशी की हालत में चला गया ।परिजनों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ लाया गया जहां पर डॉक्टरों ने बालक को मृत घोषित कर दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि खम्भे में उतर रहे करंट से बालक की मौत के बाद बिजली विभाग के कर्मचारी आनन फानन में घटना स्थल पर पहुंचकर लगे अर्थिंग के तार को काट कर लेकर चले गए। यही नहीं कई अन्य खम्भों के अर्थिंग वायर काटने की बात ग्रामीण बता रहे हैं ।बिजली के खंभे में उतर रहे करंट से बालक की हुई मौत से लाही गांव के ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।

## जेवर नकदी पर चोरों ने किया हाथ साफ

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली क्षेत्र में हुई चोरी में चोर नगदी सहित कीमती जेवर चुरा ले गए ।सूचना पर पहुंची पुलिस छानबीन कर रही है शुक्रवार को तहरीर देकर पीड़ित ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गुहार लगाई है ।

कोतवाली क्षेत्र के पूरे गिरवर सिंह मजरे बारा गांव निवासी राजेश कुमार तिवारी उर्फ राम भगत दादा ने बताया कि 14 / 15 अगस्त की रात वह परिवार सहित अपने कमरे में सोए हुए थे। रात्रि किसी समय पड़ोसी की छत से होते हुए जीने के सहारे घर में उतरे चोरों ने पहले तो उनके कमरे का दरवाजा बंद कर दिया और फिर दूसरे कमरे का ताला तोड़कर अंदर रखी अलमारी एवं लाकर का ताला तोड़कर 11000 रुपए की नजदीक के अलावा लगभग ?50000 कीमत के सोने चांदी के जेवर चुरा ले गए। बताया कि सुबह 6 बजे उठने पर दरवाजा बाहर से बंद मिला ।जिस पर उन्होंने फोन करके पड़ोसियों को सूचना दी पड़ोसियों द्वारा दरवाजा खोलने पर बाहर निकलने पर चोरी का पता चल सका इसकी सूचना उन्होंने 112 पुलिस को दी। सूचना पाकर पहले 112 पुलिस पहुंची और बाद में हल्का दरोगा द्वारा मौके पर पहुंचकर छानबीन की गई। पीड़ित ने बताया कि आज कोतवाली में तहरीर देकर उन्होंने मुकदमा दर्ज करके कार्यवाही किए जाने की गुहार लगायी हैं।

## गाजर घास उन्मूलन जागरूकता सप्ताह आयोजित



**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** किसानों को फसलों की सुरक्षा और पार्थेनियम नामक हानिकारक वनस्पति से बचाव के लिए कृषि विज्ञान केंद्र, हैदरगढ द्वारा 16 से 22 अगस्त तक चलने वाले पार्थेनियम जागरूकता सप्ताह के पहले दिन पूरे झाम तिवारी का पुरवा गांव में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



## हिन्दू राष्ट्र शक्ति देश धर्म देवालय सगठन द्वारा भव्य तिरंगा यात्रा

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** हिन्दू राष्ट्र शक्ति देश धर्म देवालय के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों द्वारा भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई, जिसमें श्री राम सेवा समिति के कार्यकर्ताओं ने भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। देवीगंज चौराहे पर हिन्दू राष्ट्र शक्ति देश धर्म देवालय संस्था के प्रदेश अध्यक्ष श्री जितेन्द्र सिंह अन्नू का कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया, यात्रा के दौरान वन्दे मातरम्, जय श्री राम के उद्घोष से आस पास के लोग भी यात्रा मे शामिल हुए प्रदेश अध्यक्ष श्री जितेंद्र सिंह उर्फ अन्नू जी के द्वारा श्री राम सेवा समिति अखंड भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष डी एन एस त्यागी जी को सनातनी सुरम्य अलंकृत श्री राम नाम पट वस्त्र भेंट कर बहरेला चौराहा पर भव्य स्वागत किया गया । भिटारिया हनुमान मंदिर पर संगठन के संस्थापक श्री मृत्युंजय सिंह का स्वागत प्रदेश अध्यक्ष व जिला अध्यक्ष अभिषेक (अनुज ) व अनम सिंह फ़ौजी की टीम द्वारा जयकारे के साथ जोरदार स्वागत किया गया, भिटारिया से बाबा रामसनेहीघाट मंदिर तक हाथों में तिरंगा और भारत माता की जय के जयकारे के साथ सभी राष्ट्रप्रेमी मंदिर पहुंचें जहां हनुमान जी के दर्शन कर कार्यक्रम को सफल किया गया इस दौरान जिला संगठन मंत्री शिवम सिंह ठाकुर, ब्लॉक अध्यक्ष वीरेंद्र,दुर्गेश सिंह, नरेन्द्र डॉ सचिन विजय वर्मा,नवमीलाल, राजेश वर्मा,कौशलेंद्र प्रताप, मोनू शुक्ला, शुभम शुक्ला, हिमांशु तिवारी अंकुर आदि हजारों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थिति रहे।

## आकाशीय विजली गिरने से किसान की मौत

**राठ, समृद्धि न्यूज।** शुक्रवार की देर शाम खेत में चारा लेने गए किसान की आकाशीय बिजली गिरने से मौत हो गई। सूचना पर नायब तहसीलदार धनराज पटेल सीएचसी पहुंचे और जांच पड़ताल की। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली के कैथा गांव निवासी सरोज अहिरवार ने बताया कि उसका देवर 30 वर्षीय जयसिंह पुत्र दुलीचंद अहिरवार अपनी पत्नी ओमवती के साथ खेत पर जानवरों के लिए चारा काटने गये थे। शाम करीब साढ़े पांच बजे वह चारा लेकर घर आ रहे था। तभी तेज बारिश के साथ आकाशीय बिजली गिर गई। वहां मौजूद पत्नी व ग्रामीण सीएचसी ले गए। जहां चिकित्सक चंद्रशेखर सिंह ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की भाभी ने बताया कि उसके देवर के पास डेढ़ बीघा जमीन थी। खेती कर वह परिवार का भरण.पोषण करता था। मृतक अपने पीछे दो पुत्री ईशूए कनिष्काए एक पुत्र गौतम छोड़ गया है। पति की मौत पर पत्नी ओमवती व मां रम्मी का रो रोकर बुरा हाल है।

# भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की बैठक आयोजित

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**




स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भारतीय उद्योग व्यापार मंडल युवा कार्यालय में एक बैठक हुई जिसमें सभी व्यापारियों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर स्वतन्त्रता दिवस राष्ट्राभिनंदन पर्व की बधाई दी और सभी शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए उन्हें याद किया गया इसके बाद पूर्व सांसद वरिष्ठ व्यापारी गंगाचरण राजपूत द्वारा बुन्देलखण्ड प्रान्त के लिए जन-जागरूकता अभियान शुरू करने के लिए व्यापारियों को शपथ दिलाई और उन्होंने बताया कि बुन्देलखण्ड प्रान्त जागरूकता अभियान पूरे एक साल तक चलेगा इस अभियान में सभी वर्गों के साथ बैठकर बुंदेलखंड क्रांति के बारे में चर्चा की जाएगी जिसमें प्रमुख रूप से वकील पत्रकार अध्यापक किसान मजदूर युवा व्यापारी सभी को यह बताया जाएगा की बुंदेलखंड प्रांत बनने से क्यों जरूरी है बुंदेलखंड प्रांत बनने से सभी को सभी तरह की सुविधा मिलेगी बुंदेलखंड प्राप्त बन जाने से किसी भी किसान को बाहर मजदूरी करने नहीं जाना पड़ेगा व्यापारियों को आर्थिक तंगी से नहीं जुझना पड़ेगा किसानों के लिए तमाम तरह की सुविधा मिलेगी सभी व्यापारियों ने बुन्देलखण्ड प्रान्त बनाने में अपना समर्थन दिया उक्त बैठक में प्रमुख रूप से रामजी गुप्ता, बोबी साहू, अरुण गुप्ता, मुशीर भाई, रज्जू भैया, सौरभ, मनु गुप्ता, कमलेश शिवहरे आलोक चौरसिया,नंदू कुशवाहा आदि तमाम व्यापारीयों की मोजूदगी में जय जय बुन्देलखण्ड के नारे लगाए गए ।

## नगर पालिका ने दुकानदारों को थमाया नोटिस

**राठ, समृद्धि न्यूज।** सड़क किनारे रखे छोटे दुकानदारों को गुमटियां हटाने को लेकर नगर पालिका ने नोटिस जारी किया है। नगर पालिका के लिपिक विजय कुमार ने बताया कि सड़क किनारे रखी गुमटियों को हटाने के लिए 20 दुकानदारों को नोटिस जारी किया है। दुकानदारों को दो दिनों का समय दिया गया है। बताया कि सड़क किनारे रखी गुमटियों से अतिक्रमण फैला हुआ है। जिससे जाम की स्थिति बनी रहती है।

## तालाब में डूबने से बालक की मौत, मचा कोहराम

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**



मस्तान शाह बाबा की दरगाह में गया बालक तालाब में नहाते समय डूब गया। लोगों द्वारा जब उसे गंभीर हालत में सरकारी अस्पताल लाया गया तो चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया।

नगर के छिमोली मार्ग स्थित कांशीराम आवास कॉलोनी निवासी छोटू (13) पुत्र उस्मान शुक्रवार की दोपहर मोहल्ले के राजा टेलर्स के ई रिक्शा में बैठकर कम्हरिया स्थित मस्तान शाह बाबा की दरगाह गया हुआ था। जब वह दरगाह के समीप तालाब में नहा रहा था तभी वह पानी की गहराई में समा गया। वहां मौजूद लोगों ने उसे तालाब के पानी से निकालकर गंभीर हालत में सरकारी अस्पताल मौदहा पहुंचाया जहां चिकित्सक ने छोटू को देखते ही मृत घोषित कर दिया। इस घटना से छोटू के परिजनों में कोहराम मच गया। छोटू पांच भाइयों में तीसरे नंबर का था। इस घटना से मोहल्ले में शोक का माहौल है। वही कोतवाली प्रभारी राम आसरे सरोज ने बताया घटना की अभी कोई जानकारी प्राप्त नहीं हुई है।

# आज भारत की तस्वीर बदल रही : संजय द्विवेदी

**पनवाड़ी, महोबा, समृद्धि न्यूज।**

आजादी का पर्व स्वतंत्रता दिवस पन्द्रह अगस्त बड़ी धूमधाम से मनाया गया। मेन बाजार में प्रातः प्रभात फेरी के साथ ग्राम पंचायत अध्यक्ष संजय द्विवेदी ने ध्वजारोहण कर अपने उद्बोधन में कहा कि आजादी का मतलब है सभी के अधिक्कार सुरक्षित हो किसी उत्पीड़न हो। उन्होंने कहा आज भारत की तस्वीर बदल रही है भारत देश विकास की दिशा में बढ़ रहा है तो दूसरी ओर आम जन जागरूक हो रहा है थाना प्रांगण में थाना प्रभारी मनीष पांडेय ने ध्वजारोहण किया एवम पुलिस कर्मियों ने सलामी ली और मिष्ठान वितरण किया गया ब्लॉक सभागार में विकास खण्ड अधिकारी की मौजूदगी में ब्लॉक प्रमुख श्री मति अंजना अनुरागी ने ध्वजारोहण किया और देश प्रेम के नारों के ब्लॉक परिसर गूंज उठा हमीदिया इंटर कालेज पनवाड़ी में मुहम्मद नईम सकलैनी ने ध्वजारोहण किया एवम छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया निस्वारा स्थित शिरडीसाईबाबा इंटर कालेज में आजादी का पर्व बड़ेधूम।धाम से मनाया गया भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ मुरली मनोहर तिवारी एवम भाजपा नेता श्री प्रकाश अनुरागी ने ध्वजारोहण किया इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किए गए देशभक्ति पर आधारित गीत डांस नाटक आदि का आयोजन किया गया उक्त अवसर पर स्कूल इंचार्ज उपेन्द्र द्विवेदी ने आजादी के महत्व पर प्रकाश डाला और सभी मेहमानों का आभारब्यक्त कियाउक्त अवसर पर सभी नागरिक नीरज द्विवेदी श्री प्रकाशमिश्रा संजय द्विवेदी राजू नगाइच सहित उपस्थित रहे।

# जोश खरोश के साथ मनाया गया आजादी का पर्व

**नन्हे मुन्ने बच्चों ने तिरंगा लहराया**

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**



नगर व क्षेत्र में आजादी का जश्न बड़े ही जोशो खरोश के साथ मनाया गया। सरकारी कार्यालयों के अलावा विद्यालयों में झंडारोहण के बाद नन्हे मुन्ने बच्चों ने हाथ में तिरंगा लेकर देश के अमर शहीदों को याद करते हुए उनके नाम के गगन भेदी नारे लगाते हुए नगर में प्रभात फेरी निकाली।नगर के तहसील परिसर में उप जिला अधिकारी राजेश चंद्र, नगर पालिका परिषद में पालिका अध्यक्ष रजा मोहम्मद उर्फ श्रीनाथ ने व कोतवाली में पुलिस क्षेत्राधिकारी आशीष यादव ने झंडा रोहण किया इसके बाद पुलिस के जवानों द्वारा पूरे नगर में हाथों में तिरंगा लेकर फेरी लगाई। वहीं गांधी इंटर कॉलेजए नेशनल इंटर कॉलेजए रहमानिया इंटर कॉलेजए विद्या देवी पालीवाल इंटर कॉलेजए सेंट पॉल विद्यालयए राजकीय बालिका इंटर कॉलेजए कुंवर विद्यालय, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज सहित सरस्वती पब्लिक स्कूल व तमाम विद्यालयों में झंडा रोहण व प्रभात फेरी के बाद विद्यालय परिसर में नन्हे मुन्ने बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रमए देशभक्ति गीत व नुक्कड़ नाटक का मंचन कर लोगों की वाहवाही लूटी।सभी विद्यालयों की प्रभात फेरी में सरस्वती पब्लिक स्कूल के बच्चों की प्रभात फेरी आकर्षण का केन्द्र रही जिसमें बच्चे अलग अलग प्रदेशों की तख्तियां लेकर उसी वेशभूषा में दिखाई दिए जिसकी लोगों ने खूब सराहना की। कार्यक्रम सम्पति के बाद बच्चों को मिठाई व फल वितरित किए गए।

कस्बे में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान सरकारी और गैर सरकारी संस्थानों में झंडारोहण किया गया। स्कूल कॉलेजों में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। साथ ही 121 मीटर तिरंगा यात्रा बीएनबी मैदान से निकाली गई। उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने झंडारोहण किया। वहीं बीएनवी डिग्री कॉलेज से 121 मीटर की तिरंगा यात्रा निकाली गई। जो कस्बे से होते हुए वापस स्वामी ब्रह्मानंद समाधि पहुंची। तिरंगा यात्रा में आगे डीजे पर देश भक्ति गीत बज रहे थे।

# धूमधाम से मनाया गया सरकारी,अर्ध सरकारी स्कूलों व ऑफिसों में स्वतंत्रता दिवस






**छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

**स्वतंत्रता** दिवस पर शहर में तिरंगा यात्राओं का आयोजन किया गया नगर पालिका परिषद द्वारा निर्मित तिरंगा तिराहे का लोकार्पण पूर्व राज्य मंत्री ब चेयरमैन ने किया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सरकारी व गैर सरकारी अर्ध सरकारी विद्यालय में गैलेक्सी पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर संजीवचौहान ध्वजारोहण किया वहीं सुप्रभात एक अकादमी के डायरेक्टर हिमांशु सक्सेना मदरसा गुलशन राजा के प्रधानाचार्य कोमल इदरीस सेंट मारिया पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर बी अवस्थी किड जी स्कूल के डायरेक्टर शिवम कुमार प्रभात कुमार दुबे गर्ल्स इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य वंदना यादव सिटी चिल्ड्रन एकेडमी के अध्यक्ष प्रदीप प्रधान जेवीजी नेशनल इंटर कॉलेज के प्रबंधक हाफिज एतशाम मुद्दीन सुखराम सिंह कुसुम लता इंटर कॉलेज के प्रबंधक भानु सिंह यादव कुलदीप यादव श्री पहुंची लाल आदर्श जनता मेमोरियल इंटर कॉलेज शंकरपुर के प्रबंधक रामपाल सिंह यादव द्वद्व ह्व एजुकेशन सेंटर के प्रबंधक मोहम्मद जमील विद्युत वितरण खंड अधिकारी रविंद्र कुमार सेंट जेवियर कन्वेंट स्कूल के अध्यक्ष रमेश चंद्र यादव सेंट पॉल पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य ने सभी लोगों ने अपने-अपने स्कूल में ध्वजारोहण कर आई एम बच्चों का प्रोग्राम बड़ा उत्साह के साथ मनाया गया इसी क्रम में एम चिश्ती पब्लिक एकेडेमी के प्रबंधक जाहिद चिश्ती हाजी रिंकू ने ध्वज रोपण कर बच्चों का प्रोग्राम देखकर बच्चों का उत्साह बढ़ाया सुप्रभात अकादमी आवास विकास कॉलोनी में प्रधानाचार्य अलका गुप्ता द्वारा ध्वजारोहण किया गया जीएस आईटीएम में निर्देशक डॉक्टर आत्म प्रकाश शर्मा व प्रधानाचार्य ने ध्वजारोहण किया गया तिरंगा यात्रा का आयोजने किया गया तहसील परिसर में उप जिला अधिकारी उमेश तिवारी ने ध्वजारोहण किया कोतवाली परिषर में पुलिस प्रभारी निरीक्षक सचिन कुमार ने ध्वजारोहण किया खंड विकास कार्यालय में ब्लॉक प्रमुख श्रीमती सुमन पाल ध्वजारोहण किया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर चिकित्सा अधिकारी ने ध्वजारोहण किया तिरंगा पार्क के लोकार्पण के बाद पूर्व राज्य मंत्री विधायक श्रीमती अर्चना पांडे चेयरमैन मनोज दुबे ध्वजारोहण किया उप जिलाधिकारी उमेश तिवारी अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार प्रभारी निरीक्षक सचिन कुमार के अलावा शहर के गणमान्य नागरिको मौजूद रहे।

## खबरें चलते-चलते

### विकलांग सेवा संस्थान ट्रस्ट के कैंप का आयोजन रविवार को किया जाएगा

**छिबरामऊ कन्नौज।** भारत विकलांग सेवा संस्थान ट्रस्ट के द्वारा कन्नौज के समस्त दिव्यांग साथियों व उनके सहयोगियों यह अवगत कराना है कि दिन रविवार 18 अगस्त 2024 को लोक भारती इंटर कॉलेज छिबरामऊ(फर्रुखाबाद चौराह) में कैंप का आयोजन किया जा रहा है जो भी दिव्यांग साथी उपकरण चाहते हैं वह सभी लोग अपने-अपने दस्तावेज लिखकर आवे अपना रजिस्ट्रेशन कर जावे जिससे उन सभी को उनकी कैटेगरी के अनुसार उपकरण मिल सकें, जैसे उपकरण ट्राई साइकिल, व्हीलचेयर, बैसाखी, दृष्टि बंधु छड़ी, कान की मशीन, शादी अनुदान आवेदन लोन आवेदन इत्यादि उपकरणों के लिए दस्तावेज जैसे ष्ढ्ढष्ठ कार्ड, आधार कार्ड, आय प्रमाण पत्र, मोबाइल नंबर, अवश्य लेकर आए।

### रामलीला कमेटी द्वारा रामलीला में बने पत्रों को किया गया सम्मानित

**छिबरामऊ कन्नौज।** शहर के एक गेस्ट हाउस में श्री रामलीला कमेटी के पदाधिकारी ने श्री राम बारात ब रामलीला में बने पत्रों को प्रशास्त्र पत्र व उपहार देकर सम्मानित किया।स्वतंत्रता दिवस की देर शाम शहर के एक गेस्ट हाउस में श्री रामलीला कमेटी के पदाधिकारी ने एक कार्यक्रम आयोजन कर जिसकी मुख्य अतिथि पूर्व राज्य मंत्री विधायिका श्रीमती अर्चना पांडे ने पत्रों को माल्यार्पण कर तिलक कर आरती की रामलीला कमेटी द्वारा पूर्व राज्य मंत्री को पगड़ी पैधाकर सम्मानित किया पत्रों को उपहार ब प्रशस्तपत पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### श्री गणेश महोत्सव कार्यक्रम 2024 बैठक आज

**छिबरामऊ कन्नौज।** इंदिरा आवास कॉलोनी फर्रुखाबाद रोड छिबरामऊ कन्नौज में जय बालाजी सेवा समिति के सौजन्य से होने वाला श्री गणेश महोत्सव कार्यक्रम 2024 की दूसरी आवश्यक बैठक दिनांक 17 अगस्त 2024 दिन शनिवार को शाम 8:00 बजे इंदिरा आवास कॉलोनी में संपन्न होगी जिसमें सदस्यता अभियान चलाया जाएगा बैठक में सभी सदस्य वह पदाधिकारी अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित हो तथा कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें सर्वेश कुमार तिवारी अध्यक्ष जय बालाजी सेवा समिति इंदिरा आवास कॉलोनी फर्रुखाबाद रोड छिबरामऊ।

### छह के विरुद्ध दहेज एक्ट का मुकदमा दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** नगर के मोहल्ला किदवई नगर निवासी सीमा पुत्री मुस्तकीम द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि उसकी शादी 04 वर्ष पूर्व ग्राम अनीभोज निवासी राशिद पुत्र साकिर के साथ हुई थी शादी के बाद से ही ससुरालीजन पति राशिद, ससुर साकिर, सास गुड्डी, ननंद चांदनी, नंदोई आलम चचिया ससुर जाकिर ने अतिरिक्त दहेज में दो लाख रुपये एवं बाइक की मांग की उसके द्वारा असमर्थता जताने पर विगत 14 अप्रैल को उक्तगणों ने अभद्रता व मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जॉच शुरू कर दी गई है।

### नबालिग वाहन चालाकों पर टीएसआई ने किया जुर्माना

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** एसपी अमित कुमार आनंद के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी यातायात डा. प्रियंका बाजपेई व यातायात प्रभारी के मार्गदर्शन में टीएसआई अरशद अली द्वारा शुक्रवार को पीडब्ल्यूडी तिराहे के आस पास सवारी भरने वाले टेंपो चालकों को टैक्सी स्टैंड पर ही ले जाकर अपने वाहन खड़े करवा कर जाम से निजात दिलाई और वाहन चालकों को निश्चित स्थान अपने अपने वाहनों को टैक्सी स्टैंड पर ही पार्क करें और वहीं से सवारी बैठा कर अपने गंतव्य स्थान तक जाने का आग्रह किया। साथ ही 18 वर्ष से कम आयु के 02 बालको द्वारा वाहन चलाने पर नियमानुसार दंड आरोपित करते हुए 20 वाहनों के चालान किए गए साथ ही 02 वाहन को सीज कर कोतवाली खड़ा किया गया।

# आन वान शान से फहराया तिरंगा, बलिदानियों को किया नमन

- सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों में हर्षोल्लास से मनाया आजादी का पर्व

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़**




वीडीओ उमाशंकर साहू को स्मृति चिन्ह भेंट करते उपनिदेशक डॉ रजनीकांत सिंह

**स्वतंत्रता** दिवस की 78वी वर्षगांठ के अवसर पर कस्वा समेत आस पास क्षेत्रों में हर्षोल्लास के साथ आजादी का पर्व मनाया गया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों सभी राजनीतिक दलों के कार्यालयों, स्कूल, कॉलेजों एवं अन्य सभी शैक्षणिक संस्थानों में आन बान शान से तिरंगा फहराया गया। क्षेत्र के विकासखण्ड कार्यालय गुगरापुर में वीडीओ उमाशंकर साहू, प्राथमिक विद्यालय जेंवा में प्रभारी प्रधानाध्यापिका अंजली तिवारी, पीएस अलीनगर में प्रभारी प्रधानाध्यापक अवध नारायण, पीएम श्री जसपुरापुर सरैया प्रथम में प्रधानाध्यापिका रेनू कमल, कंपोजिट विद्यालय जलालाबाद में प्रधानाध्यापक नीरेंन कुमार, डॉ भीमराव अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ सुशील कुमार शाक्य, कृषि विज्ञान केन्द्र में अध्यक्ष वीके कनौजिया, एसवी डिग्री कॉलेज जलालाबाद में महाविद्यालय के संस्थापक याद मोहम्मद, जवाहर नवोदय विद्यालय में प्राचार्य एस.के पांडेय सहित आदि संस्थाओं में आन बान शान से ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर लोगों ने देश के अमर शहीदों तथा स्वतंत्रता सेनानियों को भी याद किया। अनेक शिक्षण संस्थानों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। वहीं विभिन्न विद्यालयों में बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। विद्यालयों में तिरंगा यात्रा निकाली गई। इसीक्रम में गुगरापुर ब्लॉक क्षेत्र के अविका डिग्री कॉलेज चांदापुर में मुख्य अतिथि के रूप में उमाशंकर साहू खंडविकास अधिकारी व विशिष्ट अतिथि राजेंद्र सिंह यादव पूर्व ब्लॉक प्रमुख ने ध्वजारोहण कर मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। महाविद्यालय के उपनिदेशक डॉ रजनीकांत सिंह, प्राचार्य डॉ हरिओम ने आए हुए अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

# डॉ.वैभव दुबे बने प्रदेश सचिव



**छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

**भारतीय** किसान यूनियन प्रधान युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश में अध्यक्ष मोहित यादव द्वारा प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया डॉ वैभव दुबे ने कहा कि वह किसान भाइयों की समस्याओं के लिए संघर्ष करते रहेंगे उनकी समस्याओं के समाधान करने के लिए प्रयत्नशील रहूंगा तथा यूनियन की गरिमा को बनाए रखेंगे इस मौके पर चन्द्र जीत यादव एडवोकेट प्रदेश अध्यक्ष विधि प्रकोष्ठ, देवेंद्र यादव प्रधान, आशीष पाल, प्रदीप यादव ,राधा कृष्ण,अभिषेक कुमार,जिला अध्यक्ष,सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# आन बान शान से मदरसों में भी लहराया तिरंगा

- देश भक्ति गीतों के साथ हुए रंगारंग कार्यक्रम

**समधन, समृद्धि न्यूज़**





स्वतंत्रता दिवस की 78 वीं वर्षगांठ पर विद्यालयों,मदरसों, सरकारी अर्द्धसरकारी भवनों पर आन बान शान से लहराया तिरंगा नगर पंचायत समधन टाउन कार्यालय में अध्यक्ष आसमा बेगम ने झंडा रोहण किया इस अवसर पर चेयरमैन प्रतिनिधि अखलाक हुसैन, अयान हुसैन,टाउन कर्मी विवेक कुमार गुप्ता, दीपक श्रीवास्तव, आलोक शाक्य आदि मौजूद रहे।

वहीं एस एन ए जूनियर विद्यालय में स्कूल के प्रबंधक सैय्यद अहमद उसैव (वटटू) ने झंडा रोहण किया इस अवसर पर समस्त स्टाफ व नगर के सभी सभासद उपस्थित रहे। कन्या प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापक संजीव कुमार राजपूत ने झंडारोहण किया इस अवसर पर जावेद अख्तर, सत्यवती, मायादेवी, भगवती मौजूद रही। नगर के मोहल्ला सौरखी तरफ मदरस रफीकुल उलूम में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बड़े ही हर्षोल्लास के साथ राष्ट्रीय पर्व मनाया गया मदरसे के मौलाना मो0 मसूद अहमद ने हाफ़िज़ इसराईल की मौजूदगी में झंडा रोहण किया इस अवसर पर मो0 मुस्तकीम शेख, तौफीक शेख,आसिफ शेख, युसुफ शेख,मुशीर शेख,जहीर, अब्दुल हक फहीम शेख आदि मौजूद रहे। नगर के मोहल्ला दारासराय स्थित मदरसा कादरिया अनवारूल उलूम में हाजी मोहम्मद उमर ने झंडा फहराया इस अवसर पर मास्टर मो0 मुनव्वर खां, मास्टर आसिफ हैदरी, मो0 गुफरान , सुरेश, कुलदीप आदि मौजूद रहे। समधन क्षेत्र ग्राम झूसीनागर प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापक शैलेंद्र सिंह यादव ने आन बान शान से तिरंगा फहराया इस अवसर पर प्रभाकर, प्रभा सिंह, वंदना, रामादेवी, मंजू , सत्यवती, रामदास यादव मौजूद रहे। उधर क्षेत्र के तेराजाकेट जीटी रोड स्थितबाबू जागेश्वर प्रसाद मेमोरियल इण्टर कालेज में गणतंत्र दिवस पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया विद्यालय की संस्थापिका श्रीमती ज्ञानप्रभा व प्रधानाचार्य अमित कुमार यादव ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया। इसके बाद माँ सरस्वती व भारत माता के चित्रों पर माल्यापर्ण कर दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। गणतंत्र दिवस की 78 वीं वर्षगांठ पर विद्यालय के छात्राओं ने सरस्वती वंदना कर आये हुए अतिथियों का मन मोह लिया, तो वहीं नन्ने मुन्ने बच्चों ने देशभक्ति से ओतप्रोत गीतों पर नृत्य, कविताएँ, भाषण आदि प्रस्तुत किये। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने आये हुए अतिथियों का फूल मालाएँ पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य ने कहा कि आज की नई पीढ़ी आजादी के महत्व को भूलती जा रही है। शिक्षकों व अभिभावकों का दायित्व है ि कइस नई पीढ़ी को देश की आजादी के महत्व को समझायें और इस आजादी के लिए किसने क्या क्या कुर्बानियाँ दीं उनके बारे में विस्तारपूर्वक समझायें। नई नई तकनीकि के इस युग में आज की पीढ़ी हमारी भारतीय संस्कृति से दूर होती जा रही है, इसलिए शिक्षकों को इस ओर गंभीरता से ध्यान देना होगा। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को मिष्ठान वितरित किया गया। इस मौके पर शिक्षक सी0पी0 गुप्ता, वीरेन्द्र सिंह, सरनाम सिंह, मो0 हलीम, ऊरूज आलम, विकास कुमार, सुनील यादव, नवनीत कुमार, ओमेन्द्र सिंह, राशिद खान, मनीष शर्मा, अनिल कुमार, रंजीत कुमाार, फूल मोहम्मद, अमन यादव, सचिन कुमार, पंकज पाल आदि शिक्षक शिक्षिकाएँ तथा अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# जिला कारागार में हर्षोल्लास के साथ मनाया आजादी का पर्व

- निबंध प्रतियोगिता में विजयी बंदियो को मिला सम्मान

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़**



प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त बंदी को प्रमाण-पत्र देते जेल अधीक्षक

**अनौगी स्थित** जिला कारागार कन्नौज में आजादी का पर्व स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जेल अधीक्षक मो. अकरम खॉन द्वारा कारागार के समस्त अधिकारियो एवं कर्मचारियों के साथ ध्वजारोहण किया गया। ध्वजारोहण के उपरान्त देश की एकता व अखण्डता की शपथ ली। कारागार विभाग के उच्चाधिकारियों द्वारा चयनित जेलर विजय कुमार शुक्ला एवं जेल वार्डर शमसाद खॉ को अप्रतिम योगदान के लिए जेल अधीक्षक द्वारा प्रशस्ति चिन्ह (सिल्वर) व प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया। बंदी कलाकारों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक, मनोरंजक एवं देशभक्ति से परिपूर्ण कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में कलाकार बंदियों को पुरस्कार वितरण किया गया। बीते दिनों निरूद्ध बंदियों की ''काकोरी ट्रेन एक्शन'' विषय पर करायी गई। निबन्ध प्रतियोगिता में अच्छी प्रतिभा प्रदर्शित करने वाले बंदियों को प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त को सांत्वना पुरूस्कार एवं प्रमाण-पत्र का वितरण किया गया। कारागार के समस्त अधिकारियो, कर्मचारियों एवं बंदियों के साथ पर्यावरण के संरक्षण के उद्देश्य से कारागार परिसर में वृक्षारोपण किया गया। इस मौके पर कारापाल विजय कुमार शुक्ला, उपकारापाल रामबहाल दुबे, उपकारापाल उर्मिला सिंह, उपकारापाल आशादेवी पाण्डेय, फार्मासिस्ट रामबिहारी, सहायक शिक्षाध्यापक मनोज कुमार कटियार, प्रभारी मुख्य कार्यालय पंकज कुमार सहित अन्य प्रशासनिक कर्मचारी मौजूद रहे।

**ध्वजारोहण** — मंत्री व जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट में ध्वजारोहण कर, शहीदों को किया नमन

# आजादी के जश्न में डूबी इत्र नगरी, शान से फहराया तिरंगा

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़**





**इत्र और** इतिहास की नगरी में आजादी का पर्व 78 वां स्वतन्त्रता दिवस धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जनपद के सभी सरकारी व अर्द्ध सरकारी कार्यालयों तथा शिक्षण संस्थाओं में ध्वजारोहण के साथ राष्ट्रीयता पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत हुए। राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरूण एंव जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने जनपदवासियों को आजादी के स्वतन्त्रता दिवस की बधाई देते हुए कलेक्ट्रेट में ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण करते हुए, अमर शहीदों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस मौके पर कलेक्ट्रेट परिसर में वृक्षारोपण भी किया। मंत्री व जिलाधिकारी ने स्वतन्त्रता संग्राम सेनानियों के परिवारों, शहीदों के परिवारों, पूर्व सैनिको को स्मृति चिन्ह व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव 2024 के अन्तर्गत जनपद में करायी गई। विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभागी छात्र-छात्रायें, जिसमें सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, निबन्ध प्रतियोगिता, सांत्वना, चित्रकला प्रतियोगिता, सुलेख प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। डीएम ने बताया कि प्रथम दस हजार, द्वितीय साढ़े सात हजार और तृतीय स्थान प्राप्त को पाँच की धनराशि उनके बैंक खातें में भेजी जायेगी। कहा कि इसी प्रकार सांत्वना प्रतिभागियों के खाते में एक हजार रुपये की धनराशि भेजी जायेगी। राज्यमंत्री ने अपने विचार व्यक्त करते हुये कहा कि आज हम 78वां स्वतन्त्रता दिवस मना रहे हैं। और यह समय है उन देशभक्तों को स्मरण करने का जिनके कारण हम आज आजाद वातावरण में जीवन जी रहे हैं। जिलाधिकारी ने स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुये कहा कि सर्वप्रथम गुलामी की बेडियों से आजाद कराने वाले वीर सेनानियों के प्रति अपनी श्रद्धासुमन अर्पित करते है। कहा कि हम अपने जनपद कन्नौज तत्कालीन जनपद फर्रूखाबाद के जिन वीर सेनानियों ने अलग-अलग समय पर आजादी के लिये संघर्ष, त्याग, बलिदान किया। तदोपरान्त जिलाधिकारी ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर वृद्धा आश्रम पहुंच कर वृद्धों के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाया तथा वृद्धजनों का कुशल क्षेम पूछने के उपरान्त उपस्थित वृद्धजनों को स्वल्पाहार वितरण कर अंग वस्त्र भी भेंट किए तथा आश्रम में नियमित मिल रहे भोजन एंव अन्य व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी, भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, प्रशिक्षु आईएएस स्मृति मिश्रा समस्त डिप्टी कलेक्टर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विनोद कुमार, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ शक्ति वसु, जिला समाज कल्याण अधिकारी एस.पी सिंह, सहित पूर्व शहीदों के परिवारजन छात्र व छात्रा सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# ब्लाक प्रमुख डा0 अनीता रंजन ने ध्वजारोहण कर कर्तव्यनिष्ठा की दिलायी शपथ

- मेधावी छात्राओं व सेवानिवृत्त शिक्षकों को किया सम्मानित
- ब्लाक कर्मचारियों को भी किया गया सम्मानित

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** विकास खंड कार्यालय पर 78वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। ब्लाक प्रमुख डा0 अनीता रंजन ने ध्वजारोहण किया और कर्मचारियों को निष्ठा व देशभक्ति की शपथ दिलायी। इस दौरान परिषदीय विद्यालयों की प्रतियोगिता उत्तीर्ण हुए बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।



ब्लाक कर्मचारियों को शपथ दिलायीं ब्लाक प्रमुख डॉ0 अनीता रंजन



विद्यालय में ध्वजारोहण करतीं डॉ0 अनीता रंजन

विकासखंड कार्यालय पर स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ब्लॉक प्रमुख डा0 अनीता रंजन ने विकासखंड अधिकारी के साथ झण्डा फहराया। सभी कर्मचारियों तथा ब्लॉक प्रमुख ने राष्ट्रीय गान गाया। ब्लॉक प्रमुख डॉ0 अनीता रंजन ने ध्वजारोहण के बाद शहीदों की प्रतिमा पर पुष्प चढ़कर नमन किया। इस दौरान उन्होंने अमर शहीदों के बारे में प्रकाश डाला। सभी कर्मचारियों को कर्तव्य, निष्ठा तथा देशभक्ति की शपथ दिलाई।

**वहीं ब्लॉक प्रमुख डॉ0 अनीता** रंजन अपने बबना हरदुआ के श्रीमहिपाल सिंह शास्त्री इंटर कॉलेज में पहुंचकर ध्वजारोहण किया तथा छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए महापुरुषों के बारे में जानकारी दी। इस के बाद पुनः ब्लॉक प्रमुख डॉक्टर अनीता रंजन विकासखंड कार्यालय पहुंची। जहां सभागार में पहले से खंड शिक्षाधिकारी तथा शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं मौजूद थे। प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्तीर्ण होने वाले छात्र-छात्राओं व सेवानिवृत्त शिक्षकों को साल उड़ाकर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने एक-एक गीता तथा मुस्लिम शिक्षिकों को शाल उड़ाकर कुरान भेंट की। वहीं परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया। इस दौरान विकासखंड अधिकारी/डीपीओ सुनील श्रीवास्तव, एडीओ पंचायत कृष्णपाल सिंह, एडीओ आईएसबी सुख देश सिंह, एडीओ एग्रीकल्चर भगवान सिंह, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह गौर, अकाउंटेंट धर्मेंद्र सिंह, वरिष्ठ लिपिक आलोक दीक्षित, कनिष्ठ सहायक राज भारती, एपीओ गौरव दिवाकर, मनरेगा सहायक आलोक पाठक, मनोज कुमार, लवलेश यादव, ग्राम सचिव जगवीर सिंह यादव, बृजेश कुमार, अरविंद कुमार, बृजनंदन लाल, कुलदीप कुमार, अनुपम बाजपेई, सुनील कुमार, प्रमोद शुक्ला, एडीओ समाज कल्याण प्रवीण कुमार, संजीव कुमार, अनुज शुक्ला, ममता आदि समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# लघुशंका करने गये बिल्डर्स की दुकान से चोरों ने उड़ायी गोलक

- पीड़ित ने दी तहरीर, पुलिस ने खंगाले सीसीटीवी कैमर

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** लघुशंका करने गए बिल्डर्स दुकानदार की दुकान से अज्ञात चोरों ने नगदी तथा जरूरी अभिलेखों से भरी गोलक पार कर दी। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी हैष

जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के कस्बा अचरा रोड तिराहे पर स्थिति सतीश पाठक की रजत बिल्डर्स के नाम से दुकान है। जिस पर सतीश पाठक बैठे हुए थे। जो अचानक लघुशंका करने चले गए। उसी समय कोई अज्ञात चोर उनकी दुकान से गोलक चुरा ले गया। जब दुकानदार वापस लौटा, तो गोलक न देखकर उनके होश उड़ गये। तब आस पास के दुकानदार मौके पर आए और काफी खोजबीन, लेकिन कोई पता नहीं चला। तब दुकानदार थाने आए और थाना पुलिस को तहरीर दी। जिसमें बताया कि उसमें रखे बिक्री के 54000 हजार रुपए तथा जरूरी अभिलेख चोरी होने की दी गयी तहरीर के आधार पर थाना पुलिस के दरोगा ग्रीशचंद्र ने मौके जाकर जांच पड़ताल की तथा आसपास की दुकानों के सीसीटीवी कमरे खंगाले।



सी.सी.टी.वी. फुटेज देखती पुलिस

# जिला सहकारी संघ लिमिटेड शाखा का हुआ उद्घाटन

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** जिला सहकारी संघ लिमिटेड की शाखा का उद्घाटन क्षेत्रीय सह संयोजक ने फीता काटकर किया। सभी ने उनका स्वागत फूल माला पहनाकर किया। इस दौरान कई भजापा नेता व ग्रामीण मौजूद रहे। नगर के कंपिल बाई पास मार्ग पर मोहल्ला पट्टी मदारी में जिला सहकारी संघ लिमिटेड फर्रुखाबाद की मिनी शाखा का उद्घाटन शुक्रवार को सहकारी संघ के डायरेक्टर व कानपुर मंडल के क्षेत्रीय सह संयोजक शैलेंद्र सिंह राठौर ने फीता काटकर किया। इस दौरान उन्होंने किसानों से सस्ते व अच्छे दामों पर खाद मिलने का दावा किया। उन्होंने लोगों से कहा अध्यक्ष इस दुकान पर ग्रामीणों को रियायती दर पर हर प्रकार की खाद एवं बीज मिलेगा। इस दौरान दुकान के जिला सहकारी संघ के डायरेक्टर व जिला सह संयोजक सहकारिता प्रकोष्ठ भाजपा रामवीर सिंह शैलेंद्र सिंह का फूल-मालाओं से स्वागत किया। इस दौरान प्रधान विवेक चौहान, निशान्त गुप्ता, किशनू चतुर्वेदी, सुदेश राजपूत, राजेंद्र सिंह, अनिल कुमार, कुंवरपाल उर्फ पप्पू, दिनेश सिंह, रतीराम सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर बांधा समा

**राजेपुर, समृद्धि न्यूज।** वंदे मातरम, भारत माता की जय के उद्घोष कर उच्चतर प्राथमिक विद्यालय राजेपुर के बच्चों ने तिरंगा रैली निकाली।

उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजेपुर के बच्चों ने तिरंगा रैली विद्यालय से तिराहा राजेपुर होते हुए पूरे कस्बे के गांव गलियों में वंदे मातरम, भारत माता की जय का उद्घोष करने के साथ ग्रामीणों को झंडा फहराने के लिए प्रोत्साहित किया। इसके बाद विद्यालय प्रांगण में बच्चों ने मेरा रंग दे बसंती चोला, हम जियेंगे और मरेंगे ऐ वतन तेरे लिए की धुन पर रंगारंग कार्यक्रम व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। इस अवसर पर मुख्य अथिति खंड शिक्षा अधिकारी रहे। कार्यक्र का संचालन अध्यापक विमल कुमार ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संजय कुमार गुप्ता, व्यापार मंडल नगर अध्यक्ष ने की। इस अवसर पर प्रधान अध्यापक महेश सिंह राठौर सहित विद्यालय के सभी अध्यापक, अध्यापिकाएं मौजूद रहे।

# भाजपा महिला मोर्चा ने कोलकाता की घटना को लेकर निकाला मौन जुलूस



जुलूस निकालती भाजपा महिला मोर्चा की पदाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष बबिता पाठक की अगुवाई में पश्चिम बंगाल कोलकाता में महिला डॉक्टर के साथ सामूहिक दुष्कर्म करने के बाद हत्या करने के विरोध में महिला मोर्चा की पदाधिकारी ने मौन जुलूस फतेहगढ़ चौराहे पर निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री स्वयं एक महिला है और इस तरीके की घटनाएं हम सभी महिलाएं बर्दाश्त नहीं करेंगी। महिला डॉक्टर के परिवार को न्याय मिलना चाहिए तथा अपराधियों को फांसी की सजा देनी चाहिए। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को तत्काल इस्तीफा देना चाहिए।

महिलाओं ने कहा कि ऐसी घटनाओं से महिलाओं में भय व्याप्त होता है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को भी निडर होकर अपनी लड़ाई स्वयं लड़नी होगी।

## किसान उ0मा0वि0 में किया गया ध्वजारोहण

**राजेपुर, समृद्धि न्यूज।** स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर किसान उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुंदन गणेशपुर में ध्वजारोहण कार्यक्रम विद्यालय के प्रबंधक डॉ0 भूदेव सिंह राजपूत (पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष) के द्वारा किया गया। बच्चों के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम, देशभक्ति नाटक मंचन एवं देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए गए तथा प्रधानाचार्य ने बच्चों को सफलता के बारे में बताया और शिक्षा पर विशेष बल दिया गया है कि शिक्षा से ही व्यक्ति महान बनता है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने बच्चों को स्वतंत्रता दिवस के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आज के ही दिन हमको आजादी मिली थी। इस आजादी में न जाने कितने वीर सपूतों ने अपनी कुर्बानी दे दी। तब जाकर हमें यह दिन देखने को मिला। हमें भी अपने शहीदों के बताये हुए रास्ते पर चलना होगा।

# खबरें चलते-चलते

## दो भैसों को चुरा ले गए चोर, पीड़ित ने पुलिस को दी तहरीर

**शमशाबाद (सं.)।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम जैतपुर निवासी मीना देवी पति अरविंद जो कई वर्ष से ढाईघाट पुल के पास थाना शमशाबाद में अपने पति व बच्चों के साथ रह रही है। पीड़िता काफी गरीब है। बीते दिनो ढाईघाट पुल स्थित सड़क के किनारे रात में रोज की भांति बंधी हुई थीं। दोनों भैसों को रात में अंधेरे का फयदा उठाकर अज्ञात लोग चुरा ले गये। किस समय घटना को चोरों ने अंजाम दिया कोई जानकारी नहीं है। रात में पेशाब करने उठी, तो देखा दोनों भैंस खूठे से गायब थीं। पीड़िता ने काफी खोजबीन की, लेकिन पता नहीं चला। आज पीड़िता ने उक्त घटना के संबंध में प्रार्थना पत्र दिया।

## इस्लामियाँ झंडा लेकर घूम रहे युवकों पर मुकदमा दर्ज

**कायमगंज (सं.)।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला चिलौली पठान निवासी जीशान उम्र 21 वर्षीय पुत्र भूरे खाँ अपने मोहल्ले के साथी अलीशान उम्र 19 वर्षीय पुत्र आफताब खाँ को बाइक संख्या यू.पी.76सी5726 द्वारा इस्लामियाँ झण्डा लिए जाते का वीडियो वायरल होने पर कस्बा चौकी इंचार्ज विद्या सागर तिवारी ने अपने हमराह कांस्टेबिल विनीत कुमार के साथ जाँच पड़ताल कर दोनो लोगों को पकड़कर उनकी निशानदेही पर मोटर साइकिल व बरामद गाड़ी के कागज न दिखाने पर मोटर साइकिल को सीज कर दिया तथा दोनों के विरुद्ध धारा-197 वीएनएस व 2027 एमवी एक्ट में मुकदमा दर्ज किया।

## रील बनाते समय युवक की मौत

**फर्रुखाबाद (सं.)।** थाना राजेपुर के ग्राम सलेमपुर निवासी स्वर्गीय दीन मोहम्मद का 23 वर्षीय पुत्र इरफान सोमवार को सुबह 9 बजे गांव के दोस्तों के साथ भुसेरा पुलिया पर मोबाइल फोन से रील बना रहा था। इसी दौरान इरफान पुलिया से बाढ़ के पानी में जा गिरा। गोताखोरों ने काफी प्रयास कर करीब 2 घंटे बाद इरफान के शव को ढूंढ निकाला। मृतक मजदूरी करता था।


































## नगर विधायक ने सरस्वती शिशु मंदिर सेनापति में किया ध्वजारोहण



ध्वजारोहण के साथ राष्ट्रगान गाते सदर विधायक व अन्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सेनापति में धूमधाम से स्वतंत्रता दिवस मनाया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि मेजर सुनील दत्त द्विवेदी ने झण्डा फहराकर किया। अध्यक्ष शिव विलास त्रिवेदी, प्रबंधक संजीव चौहान, सुधाकर ने सयुंक्त रुप से मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन व पुष्पर्चन कर किया। भैया बहनों ने अपने-अपने कार्यक्रम गीत, भाषण व सांस्कृतिक नृत्य कर सभी का मन मोह लिया। प्रधानाचार्य धरमवीर सिंह ने कहा कि हमारे अंदर भाईचारे की भावना पैदा होनी चाहिए। संचालन रामानन्द पांडे ने किया। इस अवसर पर प्रदीप अवस्थी, प्रदीप सिंह सेंगर, सर्वेश कुमार शुक्ला, रामानंद पांडे, कृष्ण कुमार, बृजपाल सिंह, प्रदीप शर्मा, शिव मोहन मिश्र, शिवकुमार यादव, रजनीश, गोविंद, संजीव शाक्य, अंजलि, आर्तिका, अमृता मौजूद रही।

## भाकियू ने झण्डारोहण कर कार्यालय पर मनाया स्वतंत्रता दिवस



कैम्प कार्यालय पर स्वतंत्रता दिवस मानते भाकियू नेता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत ने नेकपुर चौरासी स्थित जिला कार्यालय पर पदाधिकारियों एवं किसानों के साथ 78 में स्वतंत्रता दिवस मनाया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रभाकांत मिश्रा ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी देकर राष्ट्र गान गाया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रभाकांत मिश्रा ने कहा कि आज हम सब जो स्वतंत्र होकर के आजादी की सांस ले रहे हैं इसमें हमारे देश के महान वीर शहीदों व स्वतंत्रता सेनानियों के वालीदान की वजह से है। विधिक सलाहकार एवं जिला प्रवक्ता अजय कटियार ने कहा कि हमें आजाद हुए 78 वर्ष हो गए हैं और यह आजादी हमें दिलाई। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अरविंद शाक्य, विजय शाक्य, लक्ष्मी शंकर जोश, पुजारी कटियार, मनीष मिश्रा, अभय यादव, सुधीर मौजूद रहे।

## स्वामी विवेकानंद कालेज ऑफ नर्सिंग में धूमधाम से मना स्वतंत्रता दिवस



स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में मौजूद नर्सिंग छात्रायें व अतिथिगण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** स्वामी विवेकानन्द कॉलेज आफ नर्सिंग में 78वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। अतिथियों एवं संस्था के प्रबन्ध समिति के द्वारा मां सरस्वती, मां भारती एवं महान विभूतियों की प्रतिमाओं पर पुष्पार्पण, दीप प्रज्ज्वलित कर की गयी। प्रबन्धक अनुराग दुबे सहित समस्त ट्रस्टीगण एवं आये हुए सम्मानित अतिथियों के द्वारा ध्वजरोहण कर राष्ट्रगान किया गया। स्वतंत्रता के अमृतकाल खण्ड में संस्था के प्यारे विद्यार्थियों के द्वारा सांस्कृतिक देश् भक्ती नृत्य, राष्ट्रगान एवं नाटक के माध्यम से राष्ट्र के प्रति देश भक्ती भावनाएं प्रस्तुत की गयी। आदित्य मिश्रा, अध्यक्ष विनोद कुमार अग्निहोत्री, डायरेक्टर डॉ0 सचिन दुबे, शिवस्वरूप पाठक, अभिषेक मिश्रा, धनन्जय दुबे मौजूद रहे।

## कांग्रेसियों ने वृक्षारोपण कर मनाया स्वतंत्रता दिवस



टाउनहाल पर स्वतंत्रता दिवस मनाते कांग्रेसी व मौजूद बच्चे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कांग्रेस पार्टी के शहर अध्यक्ष अंकुर मिश्रा ने कर्बला जाकर राजीव गांधी वृक्षारोपण अभियान के तहत वृक्षारोपण किया। साथ ही टाउन हाल स्थित गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर स्वतंत्रता दिवस मनाया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमें आजादी के बारे में जानकारी होनी चाहिए। न जाने कितने लोगों ने अपने प्राणों की आहूति देकर देश को आजाद कराया। इस मौके पर अनिल मिश्रा, यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष अम्मार अली, विधान सभा अध्यक्ष शिवशीष तिवारी, सनी जैन, रोहित जैन, रोहित वर्मा, अनस खान, रिषभ मिश्रा, अतुल राजपूत, वात्सल्य मिश्रा, फैशल खान, अतीक सलमानी, आदित्य मिश्रा आदि कांग्रेसी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## वाणी विनायक संस्था द्वारा धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस



स्वतंत्रता दिवस मनाते वाणी विनायक संस्था के पदाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** वाणी विनायक संस्था की ओर से बूरावाली गली स्थित कार्यालय पर 78वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। अध्यक्षता राकेशानन्द ने की। मुख्य अतिथि सरिता पाण्डेय ने ध्वजारोहण किया और राष्ट्रीय गान के साथ तिरंगे झण्डे को सलामी दी। संचालन करते हुए संस्था प्रमुख राजगौरव पाण्डेय ने कहा कि भारत देश को आत्मनिर्भर विकसित भारत बनाने के लिए युवाओं को प्रयास करना चाहिए। युवा किसी भी क्षेत्र में कार्य करें तो देश हित में लगन होनी चाहिए, तभी विकसित भारत बनेगा। राकेशानंद ने कहा कि आज राजनीति हावी है। जिसका तांडव सिस्टम पर हावी हो रहा है। अमित सक्सेना ने कहा कि युवाओं को नाट्य एवं फिल्म एवं विधाओं में आगे आना चाहिए। इस मौके पर भानू गुप्ता, गौरव राठौर, रामजी राजपूत, महेश यादव, विशाल सिंह, सत्या, सुनील टंडन, संध्या पाण्डेय, धीरज मौर्या, नितिन कुमार गुप्ता, प्रवीन मिश्रा, अशोक शाक्य, मनोज शर्मा, आदेश मौजूद रहे।

## महारानी अवंतीबाई को जयंती पर लोधी जागृति मंच ने किया याद



रानी अवंतीबाई की जयंती मनाते लोधी जागृति मंच के पदाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** प्रथम स्वतंत्रता सेनानी 1857 की अमर शहीद वीरांगना अवन्तिबाई लोधी जयंती लोधी जागृति मंच के जिलाध्यक्ष लोधी मनोज राजपूत के निवास श्याम नगर में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मंच के पदाधिकारियों ने महारानी अवंती बाई के जीवन से प्रेरणा लेने का संकल्प लिया।

जिलाध्यक्ष लोधी मनोज राजपूत ने कहा कि वीरांगना अवन्तिबाई लोधी 1857 क्रांति में प्रथम शहीद महिला क्रन्तिकारी थी, जोकि लोधी समाज के लिए गर्व कि बात है। धीरेन्द्र वर्मा ने कहा समाज अवंतीबाई लोधी से प्रेरणा लेकर समाज शिक्षित एवं विकसित करना पड़ेगा। जिला महामंत्री उधन राजपूत, शिवदेव राजपूत, तोताराम राजपूत, उपनेस राजपूत, आरसी राजपूत ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर शैलेन्द्र राजपूत, रघुवीर राजपूत, रितेश राजपूत, जगन्दन राजपूत, शोभित राजपूत, राहुल राजपूत, सभासद विश्वनाथ राजपूत, प्रधान नरोत्तम सिंह, मानसिंह राजपूत आदि उपस्थित रहे।

## विमल यादव के नेतृत्व में विभिन्न गांव में निकाली गई तिरंगा बाइक रैली



तिरंगा बाइक रैली में मौजूद प्रधान विमल यादव व अन्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** 78वें स्वतंत्रता दिवस पर ग्राम प्रधान व श्रीकृष्ण वाहिनी के प्रदेश प्रमुख महासचिव विमल यादव के नेतृत्व में तिरंगा बाइक रैली विभिन्न गांव में धूमधाम से निकाली गई। बाइक रैली ग्राम वैरमपुर से शुरु होकर दुबरी, भटपुरा, नगला नान, असगरपुर, कलुआपुर, उलियापुर से होते हुए मंझना, चिलसरा से नवाबगंज तक निकाली गई। सभी लोग हाथों में तिरंगा लहराते हुए स्वतंत्रता दिवस पर देश भक्ति गीतों पर थिरकते हुए रैली में भाग लेते हुए शामिल हुए। जहां जगह-जगह तिरंगा बाइक रैली का स्वागत किया गया। विमल यादव ने पूरी व्यवस्था देखी।

इस मौके पर जयदेव पाल, राहुल पाल, अभिषेक राठौर, विनय यादव, अवधेश पाल, सूर्यांश, विनेश पाल, अर्जुन चतुर्वेदी, सोनू पाल, आलोक पाल, शैलेश दुबे, सुजीत, नरेन्द्र सागर, आदेश बघेल, विवेक, सचिन, सुनील, प्रांजुल पाल, मनोज, देवान गंगवार आदि लोगों ने तिरंगा बाइक रैली में भाग लिया।

## देश की आजादी में आर्य समाज का सर्वाधिक योगदान रहा: संदीप आर्य



एमडीएस लाइब्रेरी में स्वतंत्रता दिवस मनाते आर्य समाज के लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** आर्य समाज कमालगंज द्वारा संचालित एमडीएस लाइब्रेरी में 78वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। आर्य समाज के प्रधान प्रदीप आर्य ने तिरंगा फहराकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। आयोजित गोष्ठी में बच्चों ने प्रतिभाग कर राष्ट्ररक्षा पर अपने विचार रखे। संचालक आचार्य संदीप आर्य ने कहा भारत की स्वतंत्रता में लाखों बलिदानियों ने अपने प्राणों की आहुति दी है। इसको अक्षुण्ण रखना हर भारतीय का परम कर्तव्य है। देश की आजादी में आर्य समाज का सर्वाधिक योगदान था। चाहे वो गरम दल हो या नरम दल दोनों ओर आर्य समाज के सिपाही अपना-अपना योगदान दे रहे थे। अधिकांश क्रांतिकारी नेता स्वामी दयानंद को अपना आदर्श मान आगे बढ़ रहे थे। संचालन घनश्याम यादव ने किया। आचार्य रामप्रकाश, आचार्य आशाराम आर्य, हरी सिंह फौजी, राजीव आर्य, जयपाल आर्य, राहुल राजपूत, प्रमोद राजपूत, सुमित रामजीत आर्य आदि मौजूद रहे।

# स्वतंत्रता दिवस पर शान से फहराया गया तिरंगा, निकाली गई प्रभातफेरी, छात्र-छात्रायें हुई सम्मानित



स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में मौजूद शिक्षिकायें व छात्रायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मदन मोहन कनोडिया बालिका इंटर कालेज में 78वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रबंधक सुनील अग्रवाल व प्रबंध समिति के सदस्य तथा प्रधानाचार्या सुमन त्रिपाठी ने ध्वजारोहण किया। उन्होंने स्वतंत्रता दिवस पर छात्र-छात्राओं को शुभकामनायें दी। संचालन दर्शना शुक्ला ने किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम दर्शना आर्या, स ुसुनीता पाण्डेय, जया अवस्थी द्वारा आयोजित किये गये। बच्चों ने पर्यावरण पर लघु नाटिका प्रस्तुत की। उप प्रधानाचार्य कुसुमलता ने संदेश प्रस्तुत किया। शिक्षिका अंजली ने विचार प्रस्तुत किये। इस मौके पर लिपिक अजंट सिंह, राघव मिश्रा, प्रदीप कुमार, पंकज औदिच्य, जया सिंह, समीक्षा, मंजू सिंह मौजूद रही।



तिरंगे को सलामी देतीं प्रधानाचार्या एवं शिक्षिकायें व छात्रायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** रखा बालिका इंटर कालेज में प्रधानाचार्य डा0 नीतू मसीह ने झण्डा रोहण किया और तिरंगे को सलामी देकर राष्ट्रगान प्रस्तुत किया। साथ ही उन्होंने देश के नाम संदेश पढ़ा और स्वतंत्रता दिवस के बारे में छात्राओं को जानकारी दी। छात्राओं ने देश भक्ति गीत, भाषण, नृत्य एवं नाटक प्रस्तुत किये। विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण का आयोजन हुआ। प्रधानाचार्य ने अपने भाषण में स्वतंत्रता के मायने व पर्यावरण की भी जानकारी दी। इस मौके पर विद्यालय की शिक्षिकायें प्रीती मसीह, बीना एडवर्ल्ड, नितिका सनी, नेहा मिश्रा, ममता पौसिया पॉल, रचना हिल्स, भावना लाल, पूजा, लक्ष्मी, नूरानी लायल, अनीस बाबू आदि लोग कार्यक्रम में मौजूद रहे।



रैली को झण्डी दिखवाते एडीएम मौजूद प्रधानाचार्य ले0 गिरिजा शंकर आदि

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** एमआई विद्यालय में 78वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। प्रधानाचार्य लेफ्टिनेंट गिरिजा शंकर ने ध्वजारोहण किया। साथ ही प्रभातफेरी स्टेडियम से निकाली गई। जिसे एडीएम सुभाष चन्द्र प्रजापति ने झण्डी दिखाकर रवाना किया। एनसीसी कैडेट्स व कई विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग करते हुए वंदे मातरम, भारत माता की जय के नारे लगाये। प्रधानाचार्य द्वारा वृक्षारोपण किया गया साथ ही शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की गई। शिक्षक अशोक कुमार कठेरिया, प्रदीप जायसवाल, विश्व प्रकाश दीक्षित तथा प्रधानाचार्य लेफ्टिनेंट गिरिजाशंकर ने अमर शहीदों की स्मृति में उनके जीवन परिचय पर प्रकाश डाला। इस मौके पर मयंक रस्तोगी, दिनेश मौजूद रहे।



एसएस पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** एसएस पब्लिक स्कूल नारायणपुर में स्वतंत्रता दिवस का आयोजन हुआ। चैयरमैन सुरेश चंद्र अवस्थी ने भारत माता एवं मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर एवं झंडारोहण किया। अनुपम अवस्थी एवं प्रधानाचार्य देवेश नारायण अवस्थी ने वीर शहीदों की वीरता एवम् साहसी चरित्र पर प्रकाश डालते हुए उनके दृढ़ संकल्पों पर व्याख्यान किया। डायरेक्टर जतिन नारायण अवस्थी ने वीर शहीदों के चित्र पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर कोमल, आकृति, वैष्णवी, तन्वी, गौरव, अभीशान, सूर्यांश, अंश, छवि, प्रियांशी, आरोही, नेमिका, अभियान वैष्णवी आदि बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लिया। इस मौके पर राहुल मिश्रा, राजेश तिवारी, प्रतिभा सिंह, पूजा, मेघा, वीनू मौजूद रही।

# शैक्षिक संस्थानों में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस, बच्चों ने प्रस्तुत किये रंगारंग कार्यक्रम



कार्यक्रम में मौजूद विवेक यादव, स्नेहा यादव व सुमित यादव कन्हैया आदि

### एसबी पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मना स्वतंत्रता दिवस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** एसबी पब्लिक स्कूल याकूतगंज में धूमधाम से स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। चेयरमैन विवेक सिंह यादव ने डायरेक्टर स्नेहा सिंह के साथ झंडारोहण कर महापुरुषों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया। छात्रों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। छात्र-छात्राओं ने स्कूल चले हम, वंदे मातरम, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, नन्हा मुन्ना राही, कश्मीरी डांस जैसे गानों पर ग्रुप डांस कर समा बांध दिया। डायरेक्टर स्नेहा सिंह ने अपने संबोधन में बेटियों को और पढ़ने और देश की सेवा करने के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि के रुप में शामिल हुए सपा छात्रसभा के राष्ट्रीय सचिव सुमित यादव कन्हैया ने विचार व्यक्त किये। विवेक यादव ने सभी का अभिवादन किया। प्रांशी, अनीता, वंदना, दीप्ति, नीलेश मौजूद रहे।



इस्लामियां स्कूल में स्वतंत्रता दिवस पर सम्मानित होते बच्चे

### इस्लामियां स्कूल में बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम किये प्रस्तुत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** स्वतंत्रता दिवस पर इस्लामियां स्कूल फतेहगढ़ में बच्चों द्वारा देशभक्ति व रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये। बच्चों ने कारगिल युद्ध, महिला सशक्तिकरण व माता-पिता की महत्ता के सम्बन्ध में नाटक व गीत प्रस्तुत किये गये। प्रबंधक ने बताया कि जहां एक ओर आजादी की 78वीं वर्षगांठ बना रहे। वहीं इस्लामियां स्कूल की स्थापना को 75 वर्ष पूर्ण हो गये है। विद्यालय की विभिन्न कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय आने वाले छात्र-छात्राओं के साथ जिन छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न खेलों व अन्य प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने वाले बच्चों को पुरुस्कृत किया गया। इस अवसर पर प्रबंधक सैयद रिजवान अली, समीउल्लाह सिद्दीकी, वकारूल हसन, राजेश यादव, डा0 इमरान, महफूज सैफी, सोहेल फारूकी, खुर्शीद आलम, मो0 फैसल मौजूद रहे।



ग्रीन वैली स्कूल में तिरंगा झण्डे के साथ मौजूद बच्चे व शिक्षिकायें

### ग्रीन वैली पब्लिक स्कूल में बच्चों ने देश भक्ति गीत किये प्रस्तुत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अनामिका मेमोरियल ग्रीन वैली पब्लिक स्कूल में 78वां स्वतंत्रता दिवस उत्सव धूमधाम से मनाया गया। प्रबंधक रमेश चन्द्र राजपूत ने ध्वजारोहण कर बच्चों को स्वतंत्रता दिवस की जानकारी दी। प्रधानाचार्या साबरा सिद्दीकी ने बच्चों को स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में प्रेरणा प्रदान की। नन्हे-मुन्हे बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध किया। देश भक्ति गीतों पर नृत्य किया। साथ ही कविता एवं नाटक बच्चों ने प्रस्तुत किये। संचालन आकाश सक्सेना ने किया। इस मौके पर चेयरमैन अभिजीत राजपूत, निखिल, मानवेन्द्र, राहुल, रामबाबू शुक्ला, अनुपम, रुखसार, प्रियंका, ज्योति, वैष्णवी, रुबी, प्रज्ञा, दुर्गा, फिरदोस, काजल, संध्या, फरादीबा, विशाखा, कृति आदि शिक्षिकायें मौजूद रही। मिष्ठान वितरण के साथ समापन हुआ।



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चें

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में भइया बहनों ने मनाया स्वतंत्रता दिवस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर इंटर कालेज श्यामनगर में धूमधाम से स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। नगर में विद्या भारती द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज श्यामनगर में हर्षोल्लास के साथ स्वतंत्रता दिवस की 78वीं वर्षगांठ मनायी गई। विद्यालय में ध्वजारोहण विद्यालय के अध्यक्ष उदयपाल सिंह, व्यवस्थापक गौरव अग्रवाल, सहव्यवस्थापक रामगोपाल सिंह, सह विभाग प्रचारक अमित, नगर प्रचारक धनंजय, व्यवसायी जुगुल किशोर मिश्र, प्रधानाचार्य रामकृष्ण वाजपेई, श्रीनारायण मिश्र आदि लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में भइया बहनों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर मन मोह लिया और देश भक्ति गीतों पर नृत्य किया। कार्यक्रम में भारत माता, शंकर जी आदि स्वरुप के साथ बच्चों ने प्रतिभाग किया। प्रधानाचार्य ने आभार व्यक्त किया।

